CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम : 23°C
81,451.01
24,750.70
98,220
99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शनिवार 31 मई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 365 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 3 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल: हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### डी. गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में कारूआना को हराया

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रिलेशनशिप टूटने के बाद रेप केस गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा कि यदि दो वयस्कों में सहमति से बना रिश्ता बाद में टूट जाता है या दोनों के बीच दूरी आ जाती है, तो इसे शादी का झूठा वादा बताकर रेप का केस नहीं बनाया जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों से न केवल न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि आरोपी व्यक्ति की सामाजिक छवि को भी गंभीर नुकसान होता है। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि सिर्फ शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा नहीं माना जा सकता, जब तक कि आरोपी की तरफ से रिश्ते की शुरुआत से ही

**■ अदालत ने कहा: इससे आरोपी की छवि खराब होती है, न्याय व्यवस्था पर भी बोझ पड़ता है**

धोखाधड़ी का इरादा न हो। बेंच ने कहा कि शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा बताकर धारा 376 के तहत रेप का केस करना गलत है। इस सोच पर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के साथ ही महाराष्ट्र के अमोल भगवान नेहुल के खिलाफ रेप केस रद्द कर दिया।



## नीट-पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराएं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय [...]पाली में आयोजित कराने का [...] निर्देश दिया। [...]र्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति [...] और न्यायमूर्ति एनवी [...] अंशकालीन कार्य [...] याचिकाकर्ता अदिति [...]याचिका पर संबंधित [...]सुनने के बाद इस [...]आयोजित करने वाली [...]न बोर्ड ऑफ [...](एनबीई) को यह [...] अपने आदेश में

**■ कहा: दो पालियों में कराने से उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे**

कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि इस देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए देशभर में परीक्षा आयोजित करने वाली इस संस्था को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाए। अदालत ने कहा कि यदि अधिकारियों को लगता है कि वे परीक्षा केंद्रों की पहचान करने और 15 जून को परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हैं, तो वे परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले पांच मई को अदालत ने उक्त याचिका पर एनबीई, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था।

# देश में कोरोना के 1828 एक्टिव केस, 15 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या शुक्रवार को 1828 पहुंच गई।

गुजरात के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। इसके अलावा 8 महीने की एक बच्ची गुरुवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लूएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा

**■ गुजरात में एक दिन के नवजात की रिपोर्ट पॉजिटिव**

रही है। उधर केरल में एक्टिव मामले 727 हो गए हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि राज्य में ओमिक्रॉन जेएन वैरिएंट एलएफ7 के मामले आ रहे हैं। है। महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि गुरुवार को कोविड के 79 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 379 केस मिले हैं। जनवरी और फरवरी में एक-एक, अप्रैल में चार और मई में 373 मरीज मिले। जनवरी से अब तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए।

### पूर्व न्यायाधीश पर आपत्तिजनक टिप्पणी वाले वीडियो पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पूर्व न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए संबंधित वीडियो दिखाने पर रोक लगाने के साथ ही उसे यूट्यूब चैनल से तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चंद्रूकर की पीठ ने शुक्रवार को अपने आदेश में 'वरप्रैड मीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के एडिटर इन चीफ अजय शुक्ला को वीडियो को अपने चैनल से हटाने का निर्देश दिया।शीर्ष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि हम रजिस्ट्री (सुप्रीम कोर्ट की) को अजय शुक्ला के खिलाफ स्वत: संज्ञान अवमानना का मामला दर्ज करने का निर्देश देते हैं। यूट्यूब चैनल को प्रतिवादी पक्ष बनाया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट में ली नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शुक्रवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शीर्ष अदालत परिसर के एक सभागार में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। उनके शपथ ग्रहण करने के साथ ही उच्चतम न्यायालय के लिए कुल निर्धारित 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच की मौत, 29 घायल

**मुक्तसर।** पंजाब में मुक्तसर जिले के सिंघेवाला गांव में गुरुवार रात एक बजे एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में पांच प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। हरियाणा सीमा के पास स्थित इस फैक्ट्री में पटाखों के उत्पादन और पैकेजिंग में लगे कई प्रवासी कामगार काम करते थे। रात करीब एक बजे हुए इस विस्फोट के कारण पूरी फैक्ट्री ढह गई। मुक्तसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अखिल चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि पटाखा निर्माण क्षेत्र में विस्फोट हुआ। अभी कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### आतंकी मामले में कश्मीर में कई ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह कश्मीर के विभिन्न जिलों में एक आतंकवादी मामले की जांच के तहत छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि कश्मीर के बड़गाम, अवंतीपोरा, पुलवामा, कुपवाड़ा, शोपियां और श्रीनगर जिलों में तलाशी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान, कई संदिग्धों को एक विशिष्ट गोपनीय संदेश एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए पाया गया, जिसका उपयोग आतंकवादियों, सीमा पार से उनके आकाओं द्वारा किया जाता है।

## ऑपरेशन सिंदूर तरकश का सिर्फ एक तीर: मोदी

# आतंक का फन फिर उठा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे

बिक्रमगंज (रोहतास), वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को एक बार फिर बिहार की धरती से आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है, आतंक का फन फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे।

श्री मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में करीब 48 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन जान ले कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। भारत की लड़ाई नहीं रुकी है और न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राण जाए पर वचन न जाए। यानी एक बार वचन दे दिया, तो वो पूरा होकर ही रहता है। प्रभु राम की यह रीति, नए भारत की नीति बन गई है। बिहार की धरती से देश को वचन दिया था कि आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। बिहार की धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं, तो अपने वचन के पूरा करने के बाद आया हूं। हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। भारत की बेटियों की सिंदूर की शक्ति क्या होती है यह पाकिस्तान ने भी देखा और दुनिया ने भी देखा।

**■ बिहार की धरती से आतंकियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी**



### प्रधानमंत्री ने दी बिहार को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये की सौगात

**बिक्रमगंज (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लोगों को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सौगातें दी, जिनमें रेल, सड़क, गैस आपूर्ति, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी ने राज्य के रोहतास जिले में यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और कई का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने लोगों के जीवन में भारी बदलाव किया है। बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया है और लोगों को लाभ मिल रहा है। नक्सलवादी गतिविधियों पर काबू पाया गया है।

### आतंकवाद और बातचीत साथ साथ नहीं चल सकते : शाह

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते तथा पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका अधिक प्रभावी और सटीक तरीके से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सीमावर्ती इलाकों में बंकर बनाने का फैसला लिया गया था। अब तक 9,500 से अधिक बंकर बनाए गए हैं और इन बंकरों के कारण सीमावर्ती इलाके में ज्यादा जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार सीमावर्ती इलाकों में और बंकर बनाएगी। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि राहत और नौकरियां आपके द्वारा झेले गए दर्द और क्षति की भरपाई नहीं कर सकती हैं। आपने अपने प्रियजनों को खो दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और राष्ट्र की भावनाएं इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ी हुई हैं।

## वनंतरा रिसॉर्ट हत्याकांड में आया फैसला

# अंकिता भंडारी के तीनों हत्यारों को आजीवन कारावास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान किया।

भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्य के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए दोनों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवनीश नेगी के अनुसार तीनों को हत्या का दोषी करार दिया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय कि वर्ष 2022 में अंकिता हत्याकांड सामने आया था।



**■ 24 सितम्बर 2022 को अंकिता भंडारी का शव चिल्ला बैराज से हुआ था बरामद**

### न्याय अधूरा लग रहा, दोषियों को उम्रकैद मिलने से नाखुश अंकिता भंडारी के परिजन


कोटद्वार की सिविल कोर्ट ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने माना कि तीनों ने मिलकर हत्या कर शव छुपाया। अंकिता के परिजन फैसले से असंतुष्ट हैं और हाईकोर्ट में अपील कर दोषियों को फांसी दिलाने की बात कह रहे हैं।

अंकिता ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिष्ट के पद पर तैनात थी। वह 18 सितम्बर, 2022 को यकायक लापता हो गई थी। दो दिन बाद 24 सितम्बर को उसका शव चिल्ला बैराज से बरामद हुआ था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर लगा था। इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में लोगों ने रोष व्यक्त किया था। प्रदेश सरकार ने भी मामले को एसआईटी को सौंप दिया था। एसआईटी ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत के बाहर शुक्रवार को सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सुबह से ही अदालत परिसर में भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए बेरिकेडिंग की व्यवस्था की, लेकिन भीड़ ने बेरिकेडिंग को तोड़ दिया। पुलिस ने हालांकि समय रहते भीड़ पर नियंत्रण पा लिया था।

## उप्र व मप्र में 14 दिन बाद मानसून देगा दस्तक

**नई दिल्ली।** 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद यह 17 राज्यों में दस्तक दे चुका है। सिर्फ छह दिनों में देश में अब तक 33 फीसदी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। गुरुवार को यह पूर्वोत्तर के बचे हिस्से और फिर सिक्किम पार कर पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों में पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को यह बिहार व बाकी पश्चिम बंगाल में पहुंच सकता है। हालांकि, अब इसकी रफ्तार थमने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बना



दबाव वाला क्षेत्र सागर द्वीप से होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ेगा। यह डिप्रेशन उत्तर भारत की ओर मानसून को धकेलने के बजाय विपरीत दिशा में खींचेगा। अनुमान है कि मानसून पर एक हफ्ते से 10 दिन का ब्रेक लग सकता है, जिससे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश का इंतजार बढ़ सकता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 15 नर्सों को प्रदान किए फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल , एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर) वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पीडी, कर्नाटक की डा. बानू एमआर, मणिपुर की लीमापोकपम



रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुड्डुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की के अलामेलु मंगयारकरसी और प. बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं।

## पनवारी कांड में 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

**आगरा।** वर्ष 1990 के जिले के बहुचर्चित पनवारी कांड के दौरान कागारौल थाना क्षेत्र के अकोला में हुई जातीय हिंसा में शुक्रवार को विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई।

अदालत ने दो दिन पहले इन आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा सुनाए जाने के बाद 32 को जेल भेज दिया गया। तीन दोषियों के अदालत में हाजिर नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए। पंद्रह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। 34 साल चले इस मुकदमे में विचारण

**■ 32 दोषियों को भेजा जेल, तीन के गैर जमानती वारंट जारी**

के दौरान 22 अभियुक्तों की मृत्यु हो गई थी। अदालत ने सजा सुनाते हुए दोषियों को पांच-पांच साल का कठोर कारावास और प्रत्येक पर 41 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सुनवाई में धारा 147 (दंगा), 148 (हथियार से लैस होकर दंगा), 149 (गैरकानूनी सभा) और 310 के तहत सभी दोषियों को सजा सुनाई गई।

# तुर्की एयरलाइन से नहीं तोड़ेगी इंडिगो नाता

## इंडिगो सीईओ ने जानकारी की साझा, कहा: तुर्की एयरलाइन से हमारा सर्विस एग्रीमेंट

नई दिल्ली, वार्ता

**देश की सबसे** बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग की व्यवस्था को अभी समाप्त नहीं करेगी, लेकिन भारत की नियामक प्रणाली के अंतर्गत कोई ऐसे निर्देश मिले, तो वह उस दिशा में जरूरी कदम उठाएगी।

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यहां कंपनी के सालाना परिणामों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इंडिगो द्वारा लंबी दूरी के अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के लिए तुर्की वाहक से लीज पर लिए गए बोइंग 777 और 787 के उपयोग किया जाता है। उनसे पूछा गया था कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में तुर्की की भूमिका को देखते हुए कई क्षेत्रों में तुर्की की कंपनियों के साथ संबंध विच्छेद किए जा रहे हैं। इंडिगो का भी तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग समझौता है, क्या इंडिगो भी ऐसा कोई कदम उठाने के बारे में सोच रही है? इस सवाल के जवाब में श्री एल्बर्स ने कहा कि तुर्की की एयरलाइन के साथ हमारा एयर सर्विस एग्रीमेंट है। हम विनियामक ढांचे के संदर्भ में काम करते हैं। अगर विनियामक ढांचे में बदलाव होता है, तो हम ज़रूरी कदम उठाएंगे। दूसरा हमारा बड़ा ग्राहक आधार हैं, जिन्होंने तुर्की एयरलाइंस से लीज़ पर लिए गए 777 विमानों द्वारा संचालित उड़ानों में बुकिंग की है। यदि विनियामक प्रणाली में कोई बदलाव का निर्देश आया, तो हम संभावित कदमों के बारे में जरूरी सोचेंगे। इंडिगो द्वारा वेट-लीज्ड विमानों (किसी अन्य एयरलाइन द्वारा संचालित जेट लेकिन इंडिगो ब्रांड के तहत उड़ान भरने वाले विमान) का उपयोग किया जा रहा है, क्योंकि एयरलाइन लंबी दूरी के संचालन में उतर रही है। मुंबई से जुलाई में शुरू होने वाले मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के आगामी मार्गों को इस व्यवस्था के तहत बोइंग 787-9 विमानों द्वारा संचालित किया जाएगा। तुर्की एयरलाइंस के साथ लीजिंग करार इंडिगो की अपनी लंबी दूरी के बेड़े को इंतजार किए बिना अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों से तेजी से जोड़ने की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है। वर्तमान में 90 से अधिक घरेलू और 40 अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों पर सेवा देने वाली एयरलाइन का लक्ष्य वर्ष के अंत तक 50 अंतर्राष्ट्रीय शहरों तक पहुंचना है। सीईओ ने संवाददाताओं को इंडिगो की 18 साल की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि एयरलाइन की योजना चालू वित्त वर्ष में 10 नए अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें जोड़ने की है, जिनमें लंदन, एथेंस, एम्स्टर्डम और मैनचेस्टर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। इन मार्गों के अलावा, चार मध्य एशियाई गंतव्यों और सिएम रीप जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई शहरों के लिए उड़ानें शामिल हैं।

**■ तुर्की एयरलाइंस के प्लेन लीज पर लेने के सभी नियमों का करेंगे पालन: इंडिगो सीईओ**





## संक्षिप्त समाचार

### प्राइवेट बस पलटी तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। इस हादसे में दो महिला व दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में 14 अन्य लोग घायल हो गए। वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंभूगंज बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर आज भोर करीब पौने पांच बजे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही जिला. धिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभने बताया कि यह बस रामनगर घनश्यामपुर लेदुका होते हुए कुमार बस सर्विस प्रतिदिन जौनपुर बदलापुर पघव के लिए सवारी बैठाकर आती-जाती है। आज सुबह बस चालक समरजीत पाल (50) और कंडक्टर कालीचरन 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुए थे, बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुंची कि चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी पर पहुंच सड़क के बीच पलट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाला और मृत चार लोगों को मर्चरी भेजा।

### भाजपा के चुनावी सारे वादे झूठे निकले: 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार के पिछले 100 दिन के कार्यकाल का आज रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और कहा कि हमने सुना है भाजपा शासित दिल्ली सरकार खुद अपने 100 दिन के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बनाकर दिल्ली की जनता के सामने प्रस्तुत करने वाली है। भाजपा अपने 100 दिन के विफलताओं को झूठे रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से छुपाने की कोशिश करने वाली है। भारद्वाज ने कहा कि रिपोर्ट कार्ड में हमने बताया है, कि दिल्ली सरकार ने यहां की जनता के साथ पिछले 100 दिनों में क्या-क्या धोखा किया है? भाजपा की सरकार ने दिल्ली में फरिश्ते योजना को बंद कर दिया, जिसकी वजह से रोजाना दर्जनों दुर्घटनाग्रस्त लोगों को समय पर इलाज न मिलने से मृत्यु का खतरा बना हुआ है।

### 11 पर्यटकों से भरा वाहन नदी में गिरा, नौ लोग लापता

**गंगटोक।** पश्चिम बंगाल और ओडिशा के 11 पर्यटकों को ले जा रहा एक वाहन गुरुवार रात उत्तरी सिक्किम में तीस्ता नदी में गिरने के बाद नौ लोग लापता हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना और सिक्किम पुलिस ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया। यह हादसा गंगटोक से लगभग 52 किलोमीटर दूर हुआ। पुलिस अधीक्षक मंगन सोनम देचू ने कहा कि दो लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी नौ लोगों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। यह दुर्घटना उत्तरी सिक्किम में चुंगथांग- मुंशीथांग रोड पर हुई और वाहन लगभग 1,000 फुट नीचे तीस्ता नदी में गिर गया।

## ऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांगना शर्मनाक: भाजपा

■ जयराम रमेश के आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' के सबूत मांगने को शुक्रवार को शर्मनाक करार दिया और उसके नेता जयराम रमेश के उस बयान की कड़ी भर्त्सना की, जिसमें उन्होंने आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबो. धित करते हुए विपक्ष के रवैए की कठोर आलोचना की। डा. पात्रा ने रमेश द्वारा आतंकियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना करने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे 'घूमने' नहीं गए। वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है। एक अखबार में अमेरिका के एक प्रसिद्ध सैन्य विश्लेषक जॉन स्पेंसर का एक अत्यंत गंभीर और तथ्यों से परिपूर्ण लेख छपा है। यह लेख केवल एक राय नहीं बल्कि एक ठोस वैश्विक विश्लेषण है, जिसमें स्पष्ट रूप से यह बताया गया है कि किस प्रकार भारत की स्वदेशी तकनीक 'आकाश' मिसाइल प्रणाली और अन्य रक्षा उपकरण ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भर भारत की सफलता का उदाहरण

**कानपुर।**



■ भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट किया: योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है।

योगी ने कहा कि भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के यार डिफेंस सिस्टम को नष्ट करके भारतीय सेना जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, यह प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया की उस ताकत का भी एहसास दुनिया को करवाता है जो इस बार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होने कहा कि प्रदेश को मिली 47 हजार 600 करोड़ रुपए की परियोजनाएं विकसित भारत की नींव है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत यशस्वी प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश की धरती पर यह प्रथम आगमन है। मैं प्रदेशवासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत करता हूं। यह धरती कभी औद्योगिक क्रांति की अग्रदूत रही है और आज विकास की नई गाथा लिखने जा रही है। योगी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब जवाब देने में नहीं, जवाब देने की शैली भी तय करने में यकीन रखता है। यह मेड इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सशक्त मिसाल है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कानपुर में 47 हजार 600 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में आगे बढ़ाने का एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई कानपुर मेट्रो के पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण का लोकार्पण हुआ है, जिससे शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम आधुनिक और सुविधाजनक बनेगा। उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि पनकी, घाटमपुर, जवाहरपुर (एटा), ओबरा (सोनभद्र) और खुर्जा (बुलंदशहर) में थर्मल पावर प्लांट्स की शुरुआत से प्रदेश की विद्युत क्षमता 15,000 मेगावाट से बढ़कर 25,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। वर्ष के अंत तक इसमें 4000 मेगावाट की और बढ़ोतरी होगी। यूपी की उपलब्धियों को गिनाते हुए सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश के एक लाख 21 हजार मजरे तक बिजली पहुंच चुकी है और 1.78 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 1-31 लाख घरों में मुफ्त रूफटॉप सोलर की सुविधा पहुंचाई गई है और 11 लाख से अधिक आवेदनों का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर से शुरू हुई यह विकास यात्रा सिर्फ एक शहर की नहीं, बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश की प्रगति की कहानी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यूपी आज सुरक्षा से लेकर समृद्धि तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

### प्रधानमंत्री ने चेताया: गिड़गिड़ाने वाला दुश्मन धोखे में ना रहे

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: मोदी

**कानपुर, वार्ता**



■ कानपुर में हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया
■ कहा: भारत में आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं

पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानो पर सैन्य बलों की कार्रवाई की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर पड़ोसी देश को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

कानपुर में शुक्रवार को हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं। पहला, भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा। उसका समय, जवाब देने का तरीका और जवाब देने की शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। दूसरा, भारत अब एटम बम की गीदड़ भभकी से नहीं डरेगा और ना ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। तीसरा, आतंक के आका और आतंक परस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर का खेल अब नहीं चलने वाला है। अगर मैं सीधे-सीधे कनपुरिया भाषा में कहूं, तो दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 47 हजार 600 करोड़ रुपए की 15 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। मोदी ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर सजकर खड़ी मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन में वंचित वर्ग के बच्चों ने सफर तय किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि कानपुर में विकास का यह कार्यक्रम 24 अप्रैल को होने वाला था, लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर द्वारा रद करना पड़ा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी इस बर्बरता का शिकार हुए। उनके परिवार की पीड़ा, कष्ट और आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बेटियों, बहनों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को घर में घुसकर, सैकड़ो मील अंदर जाकर तबाह कर दिया। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तान सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम की धरती से सेना के शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने, ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था जब भारत अपनी सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने की शुरुआत की। यह पूरे यूपी के लिए गर्व की बात है की डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता में वह बड़ी भूमिका निभा रहा है। जैसे कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां हैं, वैसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में देश का बड़ा डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इस कॉरिडोर का कानपुर नोड रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा केंद्र है। एक समय यहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे, वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में ही अमेठी में एके 20 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया उस ब्रह्मोस मिसाइल का नया पता है उत्तर प्रदेश। भविष्य में कानपुर और यूपी, भारत को डिफेंस का नया एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहेगे।

### पीएम ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद शुभम के परिजनों से की मुलाकात

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाक. ात की। कानपुर को विकास परियोजनाओं की सौगात देने पहुंचे श्री मोदी ने एयरपोर्ट पर ही शुभम की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से करीब आठ मिनट तक बातचीत की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री भावुक हो गए। इस दौरान ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए, जिन्हें देखकर प्रधानमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ चलाया जा रहा ऑपरेशन 'सिंदूर' रुका नहीं है, बल्कि यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है और आगे भी मुलाकात होती रहेगी। शुभम द्विवेदी के परिजनों को नरवल एसडीएम की देखरेख में कार से चकेरी एयरपोर्ट लाया गया था।

## केन्द्र सरकार की विदेश नीति नाकाम: कांग्रेस

**नई दिल्ल, वार्ता**



■ किसी भी देश ने पाकिस्तान को आतंकी मुल्क नहीं माना, रूस ने भी पाक से एमओयू साइन किए: पवन खेड़ा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम बताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की फेल डिप्लोमैसी और कमजोर विदेश नीति की वजह से भारत की छवि को नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा कि कोई देश पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कह रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किसी ने भी आपके समर्थन में बयान नहीं दिया। यहां तक कि रूस ने भी पाकिस्तान के साथ पुरानी स्टील मिल दोबारा शुरू करने के लिए एमओयू साइन किया है। अब इससे पाकिस्तान को रूस से 2.6 अरब डॉलर(21,660 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजि. जू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे। जयराम ने बताया कि 16 मई को दोपहर तक, राहुल गांधी ने संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर कांग्रेस की ओर से 4 नाम दिए थे। थरूर ने कहा था- सम्मानित महसूस कर रहा हूं दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, श्मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का ख्रष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। कांग्रेस ने कहा था- थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार की दिल्ली में 14 मई को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी।

## अर्थ व्यापार

### चौतरफा बिकवाली के दबाव से बाजार में गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



भारत में समाप्त वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े को लेकर निवेशकों की सतर्कता बरतते हुए की गई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक टूटकर 81,451.01 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.90 अंक की गिरावट लेकर 24750.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत लुढ़ककर 45,136.35 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 52,413.25 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2160 में बिकवाली जबकि 1826 में लिवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1581 में गिरावट जबकि 1299 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा।

बीएसई में बैंकिंग, इंडस्ट्रियल्स, वित्तीय सेवाएं और कैपिटल गुड्स की 0.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.14, सीडी 0.39, ऊर्जा 0.70, एफएमसीजी 0.45, हेल्थकेयर 0. 26, आईटी 1.05, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.09, ऑटो 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.03, धातु 1. 68, तेल एवं गैस 1.06, पावर 0.31, रियल्टी 0.67, टेक 0.99, सर्विसेज 0.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत गिर गए।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.78 और जर्मनी का डैक्स 0.95 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जापान का निक्केई 1.22, हांगकांग का हैंगसेंग 1.20 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरुआत सेंसेक्स 167 अंक का गोता लगाकर 81,465.69 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,698.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### काष्ठ उत्पादों के निर्माण और निर्यात में चीन को पछाड़ सकता है भारत

**सहारनपुर।** काष्ठ उत्पादों के निर्माण के लिए विख्यात सहारनपुर के निर्यातकों का मानना है कि पुरातन काष्ठ कला के मनमोहक उत्पादों के निर्माण और निर्यात के मामलों में भारत चीन को पछाड़ने की कुव्वत रखता है। जिले के एक निर्यातक असलम सैफी ने बातचीत में यह दावा करते हुए कहा कि चीन दो वजह से काष्ठ उत्पादों के निर्यात में दुनिया में अपना रुतबा रखता है। पहला यह कि उसके उत्पाद सस्ते होते हैं क्योंकि उन पर लागत कम आती है। दूसरा वहां श्रम सस्ता है और करों और लालफीताशाही का शिकंजा नहीं है। ऐसे में विश्व बाजार में चीन को चुनौती देना बेहद मुश्किल हो रहा है।

### खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3838 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.23 सेंट लुढ़ककर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रह:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा उत्तर प्रदेश

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया इतिहास रचा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर में प्रदेश को 44,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली तापीय विद्युत परियोजनाओं की सौगात दी।

इन परियोजनाओं से प्रदेश में न सिर्फ 24.89 प्रतिशत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि इससे औद्योगिक, कृषि और सामाजिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश की उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी, जो प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में अहम योगदान देगा। उत्तर प्रदेश अब ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक राज्य के रूप में उभर रहा है। इन तापीय परियोजनाओं के शुभारंभ से प्रदेश को बड़े लाभ होंगे। सबसे महत्वपूर्ण लाभ बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को लेकर होगा। 2017 तक उत्तर प्रदेश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 15,916 मेगावाट थी। योगी सरकार ने इसे बढ़ाकर 24,868 मेगावॉट तक पहुंचा दिया है और इस वर्ष के अंत तक यह क्षमता 27,184 मेगावॉट हो जाएगी। सभी नई परियोजनाओं में सुपरक्रिटिकल तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे कम कोयले में ज्यादा बिजली बनती है। इससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है और पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नई परियोजनाओं से उत्पादित बिजली का 75.11 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में और 24.89 प्रतिशत असम को भेजा जाएगा। इससे प्रदेश को राजस्व प्राप्त होगा और ऊर्जा वितरण में संतुलन बनेगा। इसका लाभ हर वर्ग को मिलेगा। बिजली आपूर्ति की मजबूती से कृषि कार्यों, घरेलू उपभोक्ताओं और औद्योगिक इकाइयों को सीधा लाभ मिलेगा। सिंचाई सस्ती होगी, फैक्ट्रियों का उत्पादन बढ़ेगा और घरों में निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

**जीआरडी कॉलेज के अन्तरया 2025**

## जीआरडी कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया आज से होगा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उत्सव में छात्र-छात्राओं के तकनीकी मॉडल्स होंगे प्रदर्शित, मेधावी छात्र को सम्मान एवं बॉलीवुड सिंगर

**देहरादून।** राजधानी के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ् मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया-2025, 31 मई एवं 1 जून को धूम धाम से आयोजित होगा।

वार्षिक उत्सव की पूर्व संध्या पर प्रेस से रूबरू होकर संस्थान से वाइस चेयरमैन इंदरजीत ने कहा कि वार्षिक उत्सव के दौरान जहां एक ओर सैकड़ों छात्र छात्राएं अपने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स प्रदर्शित करेंगे वही शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कर्तिक कार्यकर्मों में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले लगभग 600 छात्र-छात्राएं सम्मानित किए जाएंगे। वही फेमस बॉलीवुड सिंगर आकांक्षा शर्मा एवं डी. जे. हैरी अपनी लाइव परफॉरमेंस से युवा वर्ग थिरकने को मजबूर कर देंगे। उन्होंने सफल छात्रों से अपने अर्जित ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने को प्रेरित किया।

वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान के महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने कहा कि आज का युवा वर्ग उत्साह एवं मेधा से परिपूर्ण है और इस तरह के आयोजन उनके लिए सफलता की नई राहें खोलते हैं एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते है! उन्होंने बताया कि संस्थान के छात्र-छात्राएं एक तरफ जहां विश्व. विद्यालय की मेरिट लिस्ट में इस वर्ष सबसे अधिक 5 मैडल प्राप्त किए वही देश-विदेश की नामी गिरामी सैकड़ों बहुराष्ट्रीय कम्पनीज की भी पहली पसंद बन रहे है। निजी क्षेत्र में बंपर सफलता के साथ-साथ जीआरडी के छात्र-छात्राएं अब सरक. ारी नौकरियों में भी झंडे गाड़ रहे है। इस वर्ष भी संस्थान के सिविल इंजी. नियरिंग के 26 छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड में बतौर सरकारी अभियंता की नियुक्ति पाकर जीआरडी का परचम लहरा दिया है!

सस्थान के पर्यासो को सरकार से भी निरंतर प्रोहत्सान मिल रहा है एवं शासन ने नवाचार एवं उद्योगों की आधुनिकतम आवस्यकताओ पर आधारित कई नए कोर्स इस वर्ष प्रारम्भ करने के लिए अनुमति दी है। दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में शिक्षा एवं इंडस्ट्री के कई जाने माने विशेषज्ञ प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर सस्थान के वाईस चेयरमैन सरदार इंद. रजीत सिंह ओबेराय, सरदार प्रबजी ओबेराय, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

## चार नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ दो घंटे तांडव करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अमरोली उर्फ बड़ा गांव में देर शाम मामूली कहासुनी को लेकर पीड़ित के घर में आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित के मकान पर ईंट पथराव कर तोड़ फोड़ कर दी, जिसमें महिला सहित चार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पुलिस पहुंच गई। लेकिन जब तक सब आरोपी फरार हो गए। घटना के संबंध में बड़ागांव उर्फ अमरोली निवासी राजन पुत्र गौरव वाल्मीकि ने गांव के चार लोगों को नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ



थाने में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन दिन पूर्व गांव में एक व्यक्ति के यहां शादी में उसने अपना डीजे लगा रखा था। इसी बात को लेकर दबंगों ने वहां उसके साथ गाली गलौज कर दी थी। उस समय मामला दोनों पक्षों में शांत हो गया था। बृहस्पतिवार देर शाम वह परिवार के साथ अपने घर में बैठे हुए खाना खा रहे थे कि अचानक आधा दर्जन से अधिक दबंग युवकों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर दी और ईंट पथराव करते हुए घर में रखें सामान को तोड़फोड़ कर दिया। जिसमें पीड़ित की मां सरोज व घर पर आई हुई विवाहिता बहन मनीषा, और वंदना, ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने दोनों बहन व मां सरोज के सिर के बाल पकड़ खींचते हुए नीचे गिराकर लात घुसो व लाठी डंडों से मारपीट कर दी। और दोनों बहन के पहने हुए कपड़े फाड़ दिए जिससे नग्न अवस्था में बचाने के लिए चिखती चिल्लाती रही लेकिन कोई बचाने नही आया जबकि आरोपियों ने करीब दो घंटे तक तांडव मचाया जिससे दोनों बहनों कों गम्भीर चोटें आई। तथा मां सरोज के हाथ में चोट आई है, और पीड़ित राजन को भी चोट लगने के कारण घायल हो गया। पीड़ित ने गोल्डी पुत्र अर्जुन, संजू व रिंकू पुत्रगण ओमप्रकाश, निवासी अमरोली उर्फ बड़ागांव एवं नीटू निवासी गांव लोईयां थाना दौराला के खिलाफ नामजद दी है। थानाध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ऑफिस का वाटर कूलर खराब, पानी को तरस रहे कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस नोतपा के समय डीएम ऑफिस का वाटर कूलर खराब हो गया है इसके अलावा डीएम कार्यालय के सामने लगे दोनों वाटर कूलर पहले से ही खराब चल रहे हैं। कोषागार के अधिकारी श्री खरे ने भी कोषागार का वाटर कूलर इस वर्ष बंद करा दिया है। ऐसे में आम आदमी तो क्या डीएम ऑफिस के कर्मचारी भी पानी के लिए तरस रहे हैं। बोतल ले जाकर जिला बार के वाटर कूलर से पानी भरकर ला रहे हैं। एक कर्मचारी ने शाह टाइम्स संवाददाता को बताया कि एक बोतल पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। लेकिन जिलाधिकारी और नाजिर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### जानी में पेट्रोल पंप पर हुई लूट का खुलासा

## आधा दर्जन लुटेरे गिरफ्तार, एक बदमाश के पैर में लगी गोली, अस्पताल में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बीते दिनों जानी थाना क्षेत्र के भोला रोड स्थित सरदार पेट्रोल पंप पर अज्ञात बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए की लूट की थी लेकिन जांच में जब सामने आया तो पेट्रोल पंप के सेल्समैन राजू ने 35हजार लूट का मुकदमा जानी थाने में पंजीकृत कराया वहीं करीब आधा दर्जन बदमाशों ने इस लूट को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद भोला चौकी इंचार्ज अंकित और एक हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया था। शुक्रवार को जानी थाना पुलिस व स्वाट टीम भोला रोड पर चेकिंग कर रही थी तभी बाइक पर छह व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायर झोंक दिया थाना पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को पैर में गोली लग गई आरोपी की पहचान गुलशन उर्फ जी सी निवासी रोहटा रोड थाना कंकर खेड़ा के रूप में हुई। घायल बदमाश को पास के सीएचसी में



भर्ती कराया वहीं पुलिस ने पांच अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चार तमंचे और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। बदमाशों के पास से सरदार पैट्रोल पंप के लुटे हुए 35000 रुपए भी बरामद हुए वहीं पांच अन्य साथी अभिषेक, अर्जुन, अश्वनी, अंश, आर्यन पर भी मेरठ के अन्य थानों में लूट के मुकदमें दर्ज हैं।

# कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव कर गिनाई शहर की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने टाउन हॉल स्थित नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव कर जन समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम की विफलताओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि महानगर की दलित, अल्पसंख्यक व मलिन बस्तियों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। न तो नियमित रूप से कूड़ा उठाया जा रहा है, और न ही मच्छरों की दवा का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के किरायेदारों पर मूल किराए के



अतिरिक्त लगाए जा रहे जीएसटी, सर्विस टैक्स और 12.50 प्रतिशत ब्याज की समीक्षा की जाए। अवनीश काजला ने कहा कि शहर की सड़कों, गलियों और कॉलोनियों में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक है, जिससे नागरिकों का जीवन असुरक्षित हो गया है। रोजाना सैकड़ों लोग इनके हमले का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। गृहकर नाम परिवर्तन के शासनादेश दिनांक 9.5.2025 को शीघ्र लागू किया जाए। अप्रैल 2025 से बंद गृहकर कार्य को अविलंब प्रारंभ किया जाए। सर्वे के आधार पर भेजे गए गलत नोटिसों को निरस्त किया जाए।

## जुमे की नमाज को लेकर रही सुरक्षा कप्तान ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एसएसपी विपिन ताडा ने गुरुवार शाम को भूमिया के पुल से नूर नगर की पुलिया तक फ्लैग मार्च किया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और एएसपी अंतरिक्ष जैन समेत भारी पुलिस बल इस मार्च में शामिल रहा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। एसएसपी ने शहरवासियों से शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की अपील की है। ब्रह्मपुरी और लिसाड़ी गेट थाना पुलिस को बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोनों थानों की पुलिस ने कुछ बदमाशों को चिह्नित भी किया है।

# एमडीए उपाध्यक्ष ने मीडिया कर्मियों को हड़काया, भाजपाइयों को दी नसीहत

- जैन समाज के सामुदायिक सामाजिक संत भवन पर कार्रवाई के विरोध में पहुंचे थे भाजपाई
- मीडियाकर्मियों के फोटो क्लिक करने पर भड़के वीसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरस्वती लोक में जैन सामुदायिक सामाजिक संत भवन के ध्वस्तीकरण मामले में शुक्रवार को भाजपा के महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी कार्यकर्ताओं के साथ एमडीए के उपाध्यक्ष से मिलने पहुंचे। इस दौरान मीडिया कर्मी भी उपाध्यक्ष कार्यालय में अंदर चले गए और फोटो खींचने लगे। इसी से गुस्साएं वीसी संजय कुमार मीना ने उनको फोटो खींचने से मना किया और साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को



नसीहत देते हुए कहा कि वह इतने लोग लेकर कैसे ऑफिस में आ गए। भाजपाइयों ने बताया कि सरस्वती लोक कालोनी में जैन समाज ने जैन सामुदायिक सामाजिक संत भवन बनाया है जिसमें जैन मुनियों का आगमन होता रहता है जैन संत एक शहर से दूसरे शहर पैदल चलते हैं उनके रात्रि विश्राम व आहार की व्यवस्था के लिए उनके ध्यान के लिए व उनके प्रवचन के उद्देश्य के लिए यह भवन बनवाया गया है, लेकिन पास ही रहने वाले दशमीत सिंह ऑबराय नाम का व्यक्ति जो अपने आप को हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट का वकील बताता है उसने इस भवन का विरोध किया और वहां जैन समाज के पदाधिकारी से 20हजार रूपये महीने की मांग कर दी। भाजपाइयों ने कहा कि अधिवक्ता जैन समाज के लोगों को धमकी दे रहे हैं कि उनकी पहुंच ऊपर तक है और वह जल्द इस भवन को गिरवा देंगे इसी को लेकर भाजपाई एमडीए ऑफिस पहुंचे जहां नव नियुक्त संजय कुमार मीना ने महानगर अध्यक्ष से इतनी भीड़ ऑफिस में लाने के लिए नसीहत दी वहीं फोटो खींच रहे मीडिया कर्मियों को भी उन्होंने हड़काया इस बारे में जब महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि यह उपाध्यक्ष का पहला प्रदर्शन है उन्हें पूरी जानकारी नहीं थी लेकिन उनको समझा दिया गया है।

# मजूदरी नहीं मिलने पर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में दी तहरीर

### पीड़ित ने जिला श्रम अधिकारी से भी की आरोपी की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के मुजफ्फरनगर खतौली निवासी युवक ने क्षेत्र के मेरठ-देहरादून हाईवे स्थित एक मंडप में टाइल्स लगाने के लिए ठेका लिया था। आरोप है कि आरोपी मंडप में बिजली का काम करता है खतौली निवासी अमित कुमार शर्मा पुत्र विरम सिंह शर्मा ने थाने पहुंचकर बताया कि वह श्रमिक है और टाइल्स लगाने का काम करता है। करीब दस दिन पहले उन्होंने हाईवे स्थित एक मंडप में 3 हजार रुपये में टाइल्स लगाने के लिए ठेका लिया था। जिसमें से श्रमिक के 2 हजार रुपये बकाया रहे गए थे। शुक्रवार को पीड़ित तय तिथि पर बकाया रकम लेने के लिए मंडप में गया था। आरोप है कि आरोपित ने पैसे देने से इंकार कर दिया और भुगतने की धमकी दी है। इस पर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। साथ ही पीड़ित ने जिला श्रम अधिकारी के पास जाकर शिकायत की बात कही है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### 10 जून तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि माह जून 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण माह-मई 2025 में 30 मई से 10 जून के मध्य नि:शुल्क वितरण कराए जाने के निर्देश दिए गये है। राशनकार्डो पर प्रति कार्ड 14 किग्रा. गेहू व 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल कुल 35 किग्रा. खाद्यान्न एंव पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड धारको लाभार्थियों को 2.0क्रिग्रा0 गेहूँ एंव 3.0 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल (कुल 5 किग्रा.) खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्धा रहेगी।

## किठौर क्षेत्र के गांव ललियाना में दबंगों ने बुजुर्ग को पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के गांव ललियाना के खेत में चक काटने को लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। आरोप है एक पक्ष के कई लोगों द्वारा बुजुर्ग के साथ जमकर मारपीट की गई। जिसमें वह घायल हो गया। पीड़ित ने थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। वही पीड़ित का आरोप है बीती 26 मई को भी दबंगों ने उसके साथ मारपीट की थी। लेकिन थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना किठौर के गांव ललियाना के रहने वाले फारुख पुत्र अलीमुद्दीन ने दी तहरीर में बताया कि गांव के ही रहने वाले दबंगों ने उसकी डोल को काटकर अपने चक में मिला ली, जब इसकी शिकायत की तो दबंगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। जिसमें वह घायल हो गया। पीड़ित ने थाने में नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## पटेल मंडप में फोक व सूफी सॉन्ग म्यूजिकल नाईट कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीय नौचंदी मेला पटेल मंडप में वंदना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा फोक एंव सूफी सोंग म्यूजिकल नाईट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा नेता आलोक सिसोदिया, मेला समिति सदस्य नरेन्द्र राष्ट्रवादी, नासिर सैफी, मेला इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। लोक गायिका वंदना मिश्रा द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सर्वप्रथम अयि गिरिनंदनी नंदितमेदिनि विश्व विनेदिनि नंदिनुते भजन गाकर अपनी प्रस्तुति दी। इसके उपरांत मोहे लगी श्याम संग प्रीत दुनिया क्या जाने। दरवाजा खुला छोड़ आयी नींद के मारे। छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना लगाके। पटना से बैदा बुलाई दा। मेरे रश्के कमर। हमरी यूपी की बात आलीशान। जब वंदना मिश्रा द्वारा हमरी यूपी की बात आलीशान प्रस्तुति किया गया तो संचालन समिति के सदस्यों ने खड़े होकर ताली बजाकर अभिनन्दन किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, भाजपा नेता आलोक सिसोदिया, मेला संचालन समिति सदस्यगण संजय जैन, नरेन्द्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल, राकेश गौड़, नासिर सैफी उपस्थित रहे।



# पत्रकार यासीन प्रकरण में चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना में दैनिक समाचार पत्र से जुड़े वरिष्ठ संवाददाता यासीन युसूफ प्रकरण में उच्च अधिकारियों की फटकार के बाद सरधना के एसएचओ ने पत्रकार की तहरीर पर चार लोगों के विरूद्ध एनसीआर दर्ज की है।

गौरतलब है कि बीती 25 मई को पत्रकार यासीन युसूफ को आरोपी उमर, इमरान, अबुबकर, रिहान निवासीगण मौहल्ला इस्लामाबाद सरधना ने पत्रकार को यह कहते हुए धमकाया था कि पत्रकार उनके विरूद्ध चल रहे हत्या के प्रयास के मुकदमें को समाप्त कर लें अन्यथा इस बार वास्तव में हत्या कर दी जाएगी। पीड़ित के अनुसार गतवर्ष आरोपियों ने उस पर छुरे से हमला किया था इस मामले का सत्र परीक्षण मेरठ के एक अपर सत्र न्यायालय में चल रहा है। पत्रकार का आरोप है कि जब से सत्र परीक्षण में गवाही शुरू हुई है आरोपी पक्ष तरह-तरह के हठकंडे अपना रहा है। पत्रकार को भय देने के लिए कभी उसका पीछा किया जाता है कभी उसे दिखाकर तमंचे लहराये जाते हैं। पत्रकार की मानें तो वह अपने व अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर भयभीत है। पत्रकार ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किया जाये तथा उनकी गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। पत्रकार ने सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## भोलाझाल पर नहाने आए युवक की कार से उड़ाया सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** आजकल गर्मी मिटाने के लिए लोग नहर और ट्यूबवेल का सहारा ले रहे हैं। लोग अपने सामान की परवाह किये बगैर नहर में कूद जाते हैं जिनका सामान बड़ी आसानी से चोरी हो जाता है। बागपत के बिनोली क्षेत्र के तीन युवक गंग नहर में नहाने आए और कार में अपना कीमती सामान मोबाइल पैसे रखकर नहर में कूद गए जब नहाने के बाद में वापस अपने गाड़ी में आए तो गाड़ी का शीशा टूटा था वह उसमें रखा कीमती सामान पर्स मोबाइल पैसे चोरी हो गये। घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ में जुट गई है।

# पीलीभीत में पत्रकारों के अधिकार और संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पीलीभीत में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन (भारत) की एक महत्वपूर्ण कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठन की राष्ट्रीय और प्रांतीय इकाई के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, सुविधाएं, सम्मान और संगठन के विस्तार जैसे विषयों पर गंभीर मंथन किया गया।

नगर के पीडब्ल्यूडी सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क ने की जबकि संचालन राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्षग मनोज कुमार कलीना व रामबाबू दुबे, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना, प्रदेश अध्यक्ष वीरेश् तरार, प्रदेश महामंत्री अभिषेक द्विवेदी, मेरठ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सोम, जिला सचिव विवेक त्यागी सहित पश्चिम उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों से आए पत्रकार प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन के विस्तार, जिला व ब्लॉक स्तरीय इकाइयों की सक्रियता, पत्रकारों की सामाजिक- आर्थिक सुरक्षा, सरकारी मान्यता, अधिसूचना, पेंशन, आवासीय सुविधा, बीमा और दुर्घटना सहायता जैसे अधिकारों पर चर्चा हुई।

वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकार निरंतर जोखिम में रहकर जनसरोकारों की पत्रकारिता करते हैं, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त सुविधा मिलती है, न ही शासन स्तर पर उनकी आवाज को उचित स्थान। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि संगठन की प्रत्येक इकाई वर्ष में कम से कम दो बार संवाद और समीक्षा बैठक आयोजित करेगी। साथ ही हर जिले में पत्रकार प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर नये पत्रकारों को नैतिक और जिम्मेदार पत्रकारिता से जोड़ने की योजना भी बनी। एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह भी रहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की निगरानी में पत्रकारों की भूमिका को औपचारिक रूप से स्वीकृति दिलाने के लिए एक मांग पत्र तैयार कर सरकार को सौंपा



जाएगा। बैठक में यह तय किया गया कि संगठन की नियमावली को पुन: अद्यतन कर प्रत्येक पत्रकार सदस्य को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सुरक्षा-प्रावधानों से भलीभांति परिचित हो सकें। संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी है और उसकी भूमिका लोकतंत्र की आधारशिला है। इसलिए ग्रामीण अंचल के पत्रकारों को भी वही सम्मान और सुविधाएं मिलनी चाहिए, जो बड़े नगरों में कार्यरत पत्रकारों को प्राप्त हैं। बैठक के अंत में यह भी बताया गया कि अन्य विषयों पर विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही जारी की जाएगी। फिलहाल बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों को अमल में लाने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान में हुआ गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत सिवालखास विधानसभा ब्लॉक सरूरपुर खुर्द में आयोजित सिवालखास विधानसभा में गोष्ठी सम्मेलन में सम्मिलित हुआ।

जिसमें वक्ता के रूप मे भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी रहे, एवं मुख्यअतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व जिला सहकारी बैंक चेयरमैन सिवालखास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मनोज चौहान ने की संचालन अशोक मास्टर ने किया। यह आयोजन, लोकसेवा, नारी शक्ति और आदर्श शासन प्रणाली के



प्रेरणास्रोत अहिल्याबाई होलकर जी के महान व्यक्तित्व को स्मरण करने का एक अद्वितीय प्रयास है। इस शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष आयुष चपराणा, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र चौहान, आदेश कसाना, अजय शास्त्री, उदयवीर कश्यप, दीपक गुप्ता, प्रदीप शर्मा, लक्की सैनी, राकेश भारद्वाज, गौतम चौधरी, अजित चौहान, कृष्णपाल फुगाट, रजनीश त्यागी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री बहनें, आशा बहनों, सेकेट्री ब्लॉक के कर्मचारी साथी, ग्राम प्रधान, कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को नगर पंचायत सिवालखास में रानी अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्ति सशक्त करने के लिए एक सभा का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौधरी व संयोजक जिला उपाध्यक्ष अनवार कुरैशी रहे। कार्यक्रम से पूर्व नगरवासियों ने अतिथियों का स्वागत किया प्रदीप चौधरी ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई ऐसी शासक थी जिन्होंने बगैर भेदभाव के 29 वर्ष शासन किया उनके शासन में जनता को न्याय मिलता था सेवा भाऊ उनमें बचपन



से ही उनको लगाव था जिसका परिणाम यह हुआ कि अहिल्याबाई इंदौर की महारानी बनी। चेयरमेन फुरकान चौहान ने महिला सम्मान पत्र वितरित किये। इस दौरान ठाकुर ब्रिज गोपाल, योगेंद्र चौहान, अमित पाल, महमूद अली, महिपाल वाल्मीकि, सभासद गुलजार, बाबूदीन, शेरा, साबिर इस्लाम, आदिल चौधरी, मनव्वर चौहान और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# नगर पंचायत शाहजहांपुर कार्यालय में अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को कार्यालय नगर पंचायत शाहजहांपुर जनपद मेरठ में सुबह 10.30 बजे पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती के शुभ अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों के साथ नगर पंचायत की महिला सफाई कर्मचारियों को सफाई कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तथा आंगनबाड़ी महिला कर्मचारियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर व पुष्प माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत



चेयरमैन बसी रहमान खान द्वारा की गई जिसमें मुख्य अतिथि अनुज नागर मंडल अध्यक्ष भाजपा रहे व उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए विक्रांत त्यागी, नवनीत अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, गंगा प्रकाश, शादाब कुरैशी, अमित सैनी, फैजी खान आदि जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी, निकाय कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# बेटी के प्रेमी की हत्या, गोली मारकर जंगल में फेंका शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार की सुबह भावनपुर थाना क्षेत्र में स्थित खेत में एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। युवक की हत्या गोली मारकर की गई थी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की शिनाख्त करते हुए उसकी प्रेमिका के परिजनों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। एसपी देहात ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

शुक्रवार की सुबह क्षेत्रीय ग्रामीणों ने राली चौहान गांव में पुल के पास खेत में एक युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी देखी। युवक की हत्या आंख में गोली मारकर की गई थी। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस को शव के पास एक तमंचा भी बरामद हुआ। उधर, घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की शिनाख्त राली चौहान निवासी 22 वर्षीय तुषार पुत्र संजय कश्यप के रूप में की। बेटे की लाश देखते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि तुषार का गांव की रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। लगभग एक साल पहले तुषार युवती को घर से लेकर फरार हो गया था। इस मामले में युवती के परिजनों ने तुषार के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें वह जमानत पर था। ब्रहस्पतिवार को इस मुकदमे की तारीख थी। जिसमें युवती की गवाही होनी थी। कचहरी में तुषार की मुलाकात अपनी प्रेमिका से हुई। जहां उसने प्रेमिका को अपने पक्ष में बयान देने को कहा था। इसी बीच उसकी प्रेमिका के पिता और भाई से तुषार की कहा-सुनी हो गई थी। इसके बाद तुषार अपनी प्रेमिका की स्कूटी और मोबाइल लेकर फरार हो गया था। इसी बीच रात को युवती के परिजनों ने तुषार के साथ मारपीट भी की थी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवती के परिजनों ने ही उनके बेटे की गोली मारकर हत्या की है। एसपी देहात राकेश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर पंचायत के तत्वाधान में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर परीक्षितगढ़ के पत्रकारों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत के सभागार में आयोजित समरोह में चेयरमैन हिटलर त्यागी ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा सतंभ है जिसके बिना विकास की परिकल्पना सम्भव नहीं है। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि पत्रकारिता दिवस पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि देश का सबसे पहला समाचार पत्र उदय मार्तण्ड से पत्रकारिता में एक नई क्रांति आई। आज भी समाज का सबसे अधिक विश्वास मीडिया पर ही है। यह भरोसा ही पत्रकारिता की शक्ति है। कार्यक्रम का संचालन विष्णु अवतार ने किया। वरिष्ठ लिपिक संदीप गौतम ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुनेंद्र त्यागी, नरेन्द्र शर्मा, मुंनतियाज अली, उस्मान अली, लोकेंद्र आदि पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इमरान खान तोमर, संतोष वाल्मीकि, अजय गुप्ता, आशीष कुमार, पवन कुमार त्यागी आदि उपस्थित रहे।




## अमेजन फैशन ने अपनी 16वीं वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल की घोषणा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन फैशन ने शुक्रवार को अपनी 16वीं वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल की घोषणा की, जो 30 मई से 4जून तक चलेगी। निखिल सिन्हा, डायरेक्टर, अमेजन फैशन इंडिया ने कहा अमेजन फैशन में, हम आपके लिए ब्रांड्स, ट्रेंडिंग स्टाइल और रोमांचक नए लॉन्च का एक व्याक संग्रह लेकर आए हैं, वो भी अमेजन के भरोसे और सुविधा के साथ बहुत अच्छी कीमत पर।

## कैंपस एक्टिववियर ने नई कैंपेन फिल्म के साथ किया एयर कैप्स्यूल प्रो का अनावरण

**मेरठ।** कैंपस एक्टिववियर ने अपने प्रमुख एयर कैप्स्यूल कलेक्शन के अपग्रेडेड वर्जन- एयर कैप्स्यूल प्रो का अनावरण किया है। यह नया वेरिएन्ट आज के युवाओं की बहु-आयामी, तेजी से भागती जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। कलेक्शन के लॉन्च पर बात करते हुए निखिल अग्रवाल, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर एवं होल टाईम डायरेक्टर, कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, 'एयर कैप्स्यूल प्रो हमारी आधुनिक यात्रा में निर्णायक मोड़ है- जो उपभोक्ता की अनुकूल टेक्नोलॉजी को सक्रिय जीवनशैली में बदल देता है। आज के भारतीय युवाओं की गतिशील एवं बहु-आयामी जीवन पर आधारित अपग्रेडेड कैप्स्यूल युनिट अपने बेहतर डिजाइन के साथ प्रभावी कुशनिंग भी लेकर आती है। एक फुटवियर से बढ़कर यह एक असीमित मुवमेन्ट है।


## सीसीएसयू के हास्टल में वार्डन ने छात्रों पर बरसाए डंडे, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लगातार विवादों में रहने वाला चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों में है। इस बार हॉस्टल के वार्डन की करतूत से विश्वविद्यालय के अधिकारी शर्मसार हुए हैं। हॉस्टल के वार्डन ने कमरों में घुसकर छात्रों को गालियां देते हुए डंडों से उनकी पिटाई की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उधर, घटना के बाद देर रात हॉस्टल में धरने पर बैठे छात्रों ने 24 घंटे में वार्डन को हटाए जाने की मांग की है।

■ **धरने पर बैठे छात्र, 24 घंटे में वार्डन को हटाए जाने की रखी मांग**

घटना सीसीएसयू परिसर स्थित केपी हॉस्टल की बताई जा रही है। छात्रों का आरोप है कि देर रात वार्डन डीके चौहान हाथ में डंडा लेकर पुलिस के साथ छात्रावास में दाखिल हुए। इस दौरान छात्रों के कमरे में फर्श पर बिखरा पानी देखा वार्डन भड़क उठे। आरोप है कि वार्डन ने छात्रों को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच कुछ छात्र अपना कमरा छोड़कर दूसरे छात्रों के कमरे में बैठकर पढ़ाई करते मिले। जिस पर वार्डन ने उन पर भी डंडे बरसाते हुए उन्हें गालियां दीं। वार्डन का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उधर, घटना से गुस्साए छात्रों ने वार्डन पर तानाशाही का आरोप लगाया। देर रात ही विश्वविद्यालय के छात्र वार्डन के खिलाफ धरना देकर बैठ गए। छात्रों ने 24 घंटे में वार्डन को हटाए जाने की मांग की है।

## गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर राहगीरों को पिलाया शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरू अर्जन देव जी का शहीदी दिवस मनाया गया। सिखों के पांचवें गुरू अर्जन देव की शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल प्रांगण के बाहर मीठे शरबत की छबील लगाई गई। स्कूल के अध्यापकों एवं सहकर्मचारियों ने भरी दोपहर में आने जाने वाले हजारों राहगीरों को शरबत पिलाया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने अध्यापकों को गुरू साहिब की शहादत के विषय में बताया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सरदार इंदरजीत सिंह सालवान, रविन्द्र कौर, शीरी, गुंजन जैन, सुशील चौधरी, मनमोहन सिंह, ब्रज मोहन सिंह रावत, नीरूबाला, अंकुर, विवके, दिप्ती आदि शिक्षकों ने शरबत वितरण में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

## इंस्टाग्राम पर वीडियो देखने के दौरान हुए बच्चों के विवाद में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में इंस्टाग्राम वीडियो देखने पर बच्चों के विवाद में महिला को चुटिया पकड़ कर सड़क पर खींचा जिसके बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट व लाठी डंडे चले और पथराव भी हुआ। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन के उज्ज्वल गार्डन में इंस्टाग्राम देखने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों ने हिंसक रूप ले लिया। मामला तब शुरू हुआ जब मोबीन की बहन समीना अपने चार वर्ष के बेटे सादत के साथ अपने भाई के घर आई थी।

बृहस्पतिवार को देर रात सादत घर के बाहर मोबाइल पर इंस्टाग्राम देख रहा था। पड़ोसी नसीम के बच्चों ने उससे मोबाइल छीन लिया जिसको लेकर दोनों बच्चों में झगड़ा हो गया। वहीं विवाद बढ़ने पर नसीम अपने

■ **महिला की चुटिया पकड़कर सड़क पर घसीटा, जमकर चले लाठी-डंडे**

दामाद शादाब के साथ मौके पर पहुंचा और शादाब ने समीना की चोटी पकड़कर उसे घर से खींचा और सड़क पर घसीटने लगा तभी मोबीन के परिवार ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में मारपीट व लाठी-डंडे चल गए और पथराव भी किया गया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद**
**वाद संख्या :** 381 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 01.07.2025

अभिषेक गौतम उम्र 27 वर्ष पुत्र श्री सूबे सिंह निवासी बदौली रोड निकट विशाल सिनेमा बडौत जिला बागपत हाल निवासी निकट चामुण्डा मंदिर ग्राम रूस्तम नगर सहसपुर बिलारी जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

श्रीमती सुचि करदम उम्र 25 वर्ष पत्नी अभिषेक गौतम पुत्री श्री रामवीर सिंह निवासी 127/3 शिवरामपुरम रोटा रोड मेरठ-**विपक्षी।** हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा: 13(1)(ए)** हिन्दू विवाह अधिनियम के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 01 माह 07 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 29 के माह 05 सन् 2025 को जारी किया है।

**प्रबंधक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**


# डिजिटल माध्यम से विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रभावी प्लेट फार्म बनकर उभरा विभागीय वेब पोर्टलः प्रबन्ध निदेशक

**वेब पोर्टल pvvnl.org पर एक क्लिक में सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं उपभोक्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने बताया कि तकनीकी एकीकरण द्वारा उपभोक्ताओं को बिना कार्यालय जाये, घर बैठे नया विद्युत संयोजन प्राप्त करने, भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, पता परिवर्तन, मोबाईल नं. परिवर्तन आदि की सुविधाएँ pvvnl.org एवं uppcl.org वेब पोर्टल पर दी जा रहीं हैं।

उपभोक्ता आसानी से घर बैठे, झटपट पोर्टल के माध्यम से 20 कि.वा. भार तक सभी विधाओं के बिजली कनेक्शन, ऑनलाईन कुछ ही समय में प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उपरोक्त विभागीय वेबसाइट के माध्यम से, 20 कि.वा. भार से अधिक के औद्योगिक/ वाणिज्यिक संयोजनों को, उपभोक्ता निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से, ऑनलाईन प्राप्त कर सकतें हैं।प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि विभागीय वेबसाइट pvvnl.org पर डिजिटल माध्यम से विभिन्न सुविधायें प्रदान की जा रही हैं, उन्होनें कहा उपभोक्ताओं को एक ही प्लेट फार्म पर, विभिन्न सुविधायें प्रदान करने के उद्देश्य से ऑनलाईन वेब पोर्टल विकसित किये गये हैं। इन विभागीय वेब पोर्टल पर, उपभोक्ता सभी जानकारी एक क्लिक में प्राप्त कर सकतें हैं। उपभोक्ता कन्ज्यूमर कार्नर पर क्लिक के उपरान्त, विभिन्न निर्देशों का अनुपालन कर, नया विद्युत संयोजन प्राप्त करनें, भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, पता परिवर्तन, विद्युत हेल्प लाइन नं. 1912 पर शिकायत पंजीकरण, शिकायत को ट्रैक करने आदि की सुविधा वेब पोर्टल पर दी जा रही हैं, जिसका उपभोक्ता पूरा लाभ उठा रहें हैं। इस संबंध मे डिस्कॉम द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये गये है कि ऑनलाईन डिजिटल माध्यम से, उपभोक्ताओं को विभिन्न सुविधायें प्रदान करने के लिए नियमित एवं प्रभावी निगरानी आवश्यक है, जिससे उपभोक्ता आसानी से घर बैठे ऑनलाईन विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उपरोक्त के अतिरिक्त विद्युत उपभोक्ताओं को Whatsapp Chat bot के माध्यम से भी सीधे शिकायत दर्ज करा कर, विद्युत संबंधी शिकायतों के शीघ्र समाधान की सुविधा प्रदान की गई है। उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु, वेबसाइट पर Whatsapp Chat bot (मो.नं. 7859804803) को क्यू.आर. कोड के साथ, वेबसाइट से सम्बद्ध कर दिया गया है। pvvnl.org पर क्यू. आर. कोड उपलब्ध है, जिसे स्कैन करने पर, उपभोक्ता सीधे विभागीय Whatsapp चैट से जुड़ जाएंगे। इस व्हाट्अप चैट बोट नम्बर (7859804803) के माध्यम से उपभोक्ता बिल संबंधी, आपूर्ति संबंधी तथा अन्य शिकायतें सीधे दर्ज कराकर, तुरन्त समाधान प्राप्त कर लाभान्वित हो सकतें हैं।

## किसान के घर से लाखों की चोरी

**अमरोहा।** दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने 1.44 लाख की नकदी समेत सोने चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गयी है।

चोरी की यह घटना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर की है। यहां पर किसान अफसर खां का परिवार रहता है। गुरुवार रात वह परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। किसी समय चोर दीवार फांद कर घर में घुस गए। यहां कमरे में रखी अलमारी में रखी 1.44 लाख रुपये, सोना-चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह को स्वजन सोकर उठे तो घटना की जानकारी हुई।

# मक्खी मिलने पर दो सौ लीटर दूध कराया नष्ट

## जिले भर में मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दूध में मक्खी पाये जाने पर खाद्यय विभाग की टीम ने कारोबारी को जमकर हड़काया। 200 लीटर दूध को मौके पर ही नष्ट कराया गया है। मैदा, छोला, पनीर आदि के नमूने लिये। विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटखारों में हड़कम्प मच गया।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्यय विभाग की टीम ने जिले भर में छापेमारी की। गजरौला तिगरी रोड स्थित पनीर निर्माण इकाई से नमूने लिये गये। दूध में मक्खी पाये जाने पर तथा सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर कारोबारी को जमकर हड़काया तथा 200 लीटर दूध नष्ट कराया। मौहल्ला जवाहर भानपुर फाटक पर खालसा प्रोविजन स्टोर से मैदा और छोला के नमूने लिये गये। हाईवे पर जोया स्थित अब्दुल अजीम किराना दुकान से बेसन का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को जांच के लिये प्रयोगशाला में भेज दिया गया। छापेमारी के दौरान 12 वाद दायर कराया गये है। उझारी स्थित अफजाल पनीर डेरी का नमूना मानक के अनुरूप नहीं मिला। इसके अलावा भी कई उत्पादों के नमूने मानक के अनुरूप नहीं मिले। उधर विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई से हड़कंम मचा रहा। दुकानदार दुकानें बंद कर फरार हो गये।



# दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर गंगा में डूबा

**गजरौला।** दोस्तों के साथ गंगा नहाने गया एक 16 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया। समाचार लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चला था। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर उर्फ साहबपुर निवासी 16 वर्षीय अरुण पुत्र भोपाल अपने ही गांव के गजेन्द्र पुत्र ओमपाल व लखमिया थाना बछरायूं निवासी गौरव व सौरव पुत्र महेन्द्र के साथ शुक्रवार दोपहर नहाने के लिए तिगरीधाम गंगा गया था। वह बांध से गंगा में कूद गया और तैरता हुआ गहरे पानी में चला गया। कुछ देर पानी में हाथ-पांव मारने के बाद अरुण पानी में डूब गया। वहां खड़े अन्य लोगों ने उसे पानी में डूबता हुआ देख शोर मचा दिया। तिगरी से गोताखोर मौके पर पहुंचे व अरुण की तलाश शुरू की। सूचना पर परिजनों के अलावा पुलिस भी पहुंच गई। बताया जाता है कि बांध के पास पानी की गहराई काफी अधिक है। ऐसे में अरुण के गहरे पानी में जाने की आशंका है। वहीं अरूण के पानी में डूब जाने से परिजनों में दुख का माहौल है।

**यह भी चर्चा की रील बनाने के लिए गंगा में लगाई छलांग**

गंगा घाट पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का यह भी कहना था कि यह किशोर रील बनाने के लिये कहकर गंगा में कूदा था। संभवतः वह तैरना जानता था मगर पानी की बहाव और गहराई तेज होने के कारण वह संभल नहीं सका और लड़खड़ाकर पानी में डूब गया।

## चार ट्यूबवैल से छह स्टार्टर चोरी

**उझारी।** चोरों ने चार ट्यूबवैल के ताले तोड़कर छह स्टार्टर चोरी कर लिये। घटना से किसानों में रोष है। जानकारी के अनुसार कस्बे के रहने वाले मुशाहिद पुत्र अनीस मजीद पुत्र मुनाजिर, आरिफ पुत्र याकूब, छोटे पुत्र हाजी गयास, उरमान पुत्र महबूब, अमीर पुत्र राहत सुबह जब अपने खेत पर पहुंचे तो ट्यूबवैल पर बनी कोठरी के ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर देखा तो स्टार्टर गायब थे। कुछ ही देर में मामले की सूचना कस्बे में फैल गयी। रिपोर्ट दर्ज कराने को चौकी में तहरीर दे दी गयी है।

# रामकथा सुनने से होता है मानव का कल्याण

## काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरु रामानंदाचार्य महाराज का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में 28 मई से आयोजित हो रहे चतुर्थ श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा कार्यक्रम में शुक्रवार को काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ.रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज का कथा पंडाल में पहुंचने पर मुख्य संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह, सह संयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह आदि ने स्वागत किया। दोपहर के दो बजे से ही कथा सुनने के लिये श्रोताओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। तीन बजे कथा का प्रारंभ हुआ। कथावाचक डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने श्रोताओं से कहा कि श्री राम कथा का श्रवण करने से मानव का कल्याण होता है, इसलिए रामकथा का श्रवण करते समय कथा पंडाल में पूर्ण भक्ति भावना के साथ उपस्थित हों, यदि हम कथा पंडाल में बैठकर भी अपने मन को नियंत्रित नहीं कर सके तो कथा के भावों को आत्मसात कैसे कर सकेंगे। कहा कि जब भी किसी कथा और धार्मिक अनुष्ठान में जाएं तो अपने मन को नियंत्रित करें और भक्ति भाव में ही अपने मन को लगाएं, तभी ऐसे कार्यक्रमों में जाने का मनोरथ प्राप्त होता है। जीवन में भले ही कितनी भी भागदौड़ और व्यस्तता हों लेकिन कुछ समय हमें प्रभु की भक्ति के लिये भी निकालना चाहिए। प्रथम दिन के कथा समापन के बाद सांय के सात बजे आरती की गई। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ. विरेन्द्र सिंह ने कथा का श्रवण किया और आरती में सम्मिलित हुए।

■ **संध्या में हुआ आरती का कार्यक्रम**



■ गजरौला। श्री रामकथा में प्रवचन देते काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू महाराज, आरती करते भक्तगण।

# खराब ट्रांसफार्मर व ढीले तार बदले जाएं

## बिजलीघर पर भाकियू भानू ने उठाई आवाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानु ने खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाये जाने के साथ ही ढीले तारों को टाइट करवाये जाने की मांग की है।

शुक्रवार को रहरा क्षेत्र के बुरावली बिजली घर पर किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने कहा कि बुरावली के शिव मंदिर पर मौजूद 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया है। इसकी क्षमता बढ़ाकर 250 केवीए की जाये। उन्होंने कहा कि इलाके में जहां-जहां खराब ट्रांसफॉर्मर है उनको बदलवाया जाये। उन्होंने कहा कि मीटर रीडर को समय से बिल निकालने के लिए उपभोक्ताओं के घरों पर भेजा जाये। कहा कि जहां-जहां ढीले तार हैं उनको टाइट करवाया जाये। ढीले तारों के कारण खेतों में को ट्रैक्टर निकालना प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उनका जल्द समाधान किया जाये। धरना देने वालों में जिला अध्यक्ष बबीता धामा, गो. विंद सिंह चौहान, मोहम्मद जीशान, जमशेद चौधरी, साहिल, मोहम्मद आदिल, लोकेश चौहान, अजय पाल सिंह कटारिया, अमरपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# ठेकेदार व चालक की मौत के मामले में पुलिस की जांच जारी

## परिजनों ने पुलिस को बताए हैं कुछ बिंदू जिन पर भी काम कर रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला शुक्लपुरी निवासी ज्ञान भारती इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह के पुत्र देवऋषि व उनके चालक इंद्रपाल की मौत के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भले ही उनकी मृत्यु का कारण स्पष्ट न हुआ हो, लेकिन पुलिस की जांच जारी है। पुलिस ने शुक्रवार को भी परिजनों से बातचीत की, परिजनों ने कुछ और बातें भी पुलिस को बताईं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए पुलिस काम कर रही है। बता दें कि देवऋषि सिंचाई विभाग में एक बड़े ठेकेदार थे। बुधवार को घर से निकले थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई, उन्होंने अनेकों बार फोन किए मगर न तो देवऋषि और न ही उनके चालक का फोन रिसीव हो सका। गुरूवार को सुबह के समय जब ठेकेदार के भांजे विवेक मोहल्ला अवंतिकानगर स्थित ऑफिस पर पहुंचे तो उनके मामा ठेकेदार और चालक मृतावस्था में पड़े थे और उनके मुंह से झाग आ रहे थे। ऑफिस परिसर में स्कार्पियो व सेंट्रो कार में खड़ी थी, सेंट्रो स्टार्ट थी। परिसर में गैस की दुर्गंध फैली हुई थी। पीएम में मृत्यु की कारण स्पष्ट न हो पाने के कारण विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। प्रथमद्रष्टया पुलिस दम घुटने से मौत का कारण मानकर चल रही है, लेकिन परिजनों से बातचीत करके सभी बिंदुओं पर पुलिस टीम काम कर रही है। पुलिस ने ठेकेदार के दूसरे चालक विशाल को परिजनों के संदेह के आधार पर हिरासत में ले रखा है। शुक्रवार को यह बात परिजनों ने बताई है कि कुछ दिन पूर्व एक शादी समारोह में ठेकेदार व विशाल के चाचा में विवाद भी हुआ था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि सभी बिंदुओ पर गहनता से जांच चल रही है। वहीं शुक्रवार को भी ठेकेदार के घर पर शोक संवेदना देने वालों का तांता लगा रहा।

# कांग्रेस मुस्लिम समाज के मुद्दों के समाधान हेतु प्रतिबद्ध:अहमद हमीद

## लखनऊ के शहर क़ाज़ी मौलाना ख़ालिद रशीद फरंगी महली से की नवाब अहमद हमीद ने शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लखनऊ के शहर क़ाज़ी व ऐशबाग़ ईदगाह के शाही इमाम एवं इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया लखनऊ के अध्यक्ष मौलाना ख़ालिद रशीद फरंगी महली से उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान देश में मुसलमानों की मौजूदा स्थिति, शिक्षा व्यवस्था, गंगा जमुनी तहज़ीब और विभिन्न सामा. जिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। मौलाना ख़ालिद रशीद फरंगी महली ने खास तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम युवाओं को बेहतर अवसर देने और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने की ज़रूरत पर बल दिया। उन्होंने क़ौमी एकता को देश की मजबूती और विकास का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक न्याय के माध्यम से हम एक समृद्ध और समावेशी समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद व सां. प्रदायिकता का अंत होने एवं शांति व सौहार्द को इंसानियत के लिए आवश्यक बताया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक धारा में गंगा-जमुनी तहज़ीब की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राष्ट्र की एकजुटता ही देश के विकास का आधार है। उन्होंने देश निर्माण हेतु शिक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षा सामाजिक गतिशीलता का माध्यम है, इससे समाज के हर वर्ग का उत्थान होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम समाज के मुद्दों को गंभीरता से ले रही है और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के सभी तबकों के साथ संवाद स्थापित करना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता



# विश्व जाट महासभा ने संजीव चौधरी उर्फ बबलू ठेकेदार को बनाया जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** छपरौली क्षेत्र के लूंम गांव निवासी संजीव चौधरी उर्फ बबलू ठेकेदार को विश्व जाट महासभा ने बागपत जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह घोषणा संगठन के वरिष्ठ पदाधिका. रियों ने उनके निवास पर एक विशेष समारोह के दौरान की। इस अवसर पर उन्हें फूल-मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया गया और जयघोषों से पूरा गांव गूंज उठा।

संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद संजीव चौधरी ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का विषय है। संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। मैं तन, मन और धन से समाज और संगठन की सेवा में समर्पित रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि वह संगठन को गांव-गांव तक विस्तार देने और युवाओं को एकजुट कर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने इस मौके पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार जताया। नियुक्ति की घोषणा के साथ ही पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। आसपास के गांवों से भी सैकड़ों लोग बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर राजपाल सिंह डायरेक्टर देवेंद्र सिंह, काले राम, सतीश कुमार, प्रवीण कुमार, विनीत कुमार, निरपाल चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संजीव चौधरी की नियुक्ति को लेकर क्षेत्र में खुशी की लहर है। लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में विश्व जाट महासभा को नई दिशा मिलेगी और समाज में एकता, संगठन और सेवा की भावना को बल मिलेगा। यह नियुक्ति सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है, जिसे संजीव चौधरी पूरी निष्ठा से निभाने के लिए तैयार हैं।



# पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। आरोपी मोनू और राजेश मलकपुर गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस ने दोनों के कब्जे से 2 किलो 310 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस गांजे की कीमत लगभग 2 लाख रुपए आंकी गई है। जांच में पता चला कि यह गांजा उड़ीसा से लाया गया था। आरोपियों की योजना इसे बागपत में अलग-अलग स्थानों पर बेचने की थी। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल के अनुसार, पुलिस ने समय रहते इन तस्करों को पकड़ लिया। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है। गांजे की तस्करी के नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।



# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

## भाकियू किसान यूनियन ( अम्बावता ) के जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** विनयपुर से भागौट तक डेढ़ किलोमीटर बनी सड़क में घटिया सामग्री लगानें का आरोप लगा भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ ने जमकर हंगामा करते हुए प्रर्दशन किया। वही जिला अधिकारी से मार्ग निर्माण की जांच कराने की मांग की है।

विनयपुर से भागौट तक जिला पंचायत द्वारा डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया गया है, जिसके निर्माण में घटिया सामग्री लगानें का आरोप भाकियू के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान ने लगाया है। उनका कहना है कि मार्ग निर्माण में घटिया सामग्री लगायी गयी है। मार्ग के दोनो और मिट्टी नही लगायी गयी है। मार्ग बनते ही टूटना शुरू हो गया है। मार्ग में जो माल लगाया गया है वह सिर्फ मिटटी पर एक इंच तक चढाया गया जिससे ढोकर मारने पर भी मार्ग उखड़ रहा है जिससे लेकर भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष मनोज और कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए जमकर प्रर्दशन किया। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत जिला पंचायत अध्यक्ष से भी की गयी जिससे अनदेखा किया गया। उन्होंने जिलाअधिकारी से मार्ग निर्माण की जांच कराने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालों में मनोज प्रधान, राकेश, रविन्द्र, सुदेशपाल, सुरेन्द्र, सतबीर आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में की 80 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सरफाबाद गांव मे स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 80 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईया वित. रित की गयी।

सरफाबाद गांव में भोपाल सिंह के आवास पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मरीजों की जांच करते हुए डाक्टर गौरव ने बताया कि ज्यादातर मरीज वायरल से पीड़ित पाये गये। शिविर में 80 लोगो की जांच कर मुफ्त दवाईया वितरित की गयी। शिविर में मनीष, सविता, शिवसरन, रेखा आदि ने सहयोग किया।




# पानी भरने को लेकर पडौसी महिला ने महिला पर फेंका तेजाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नूरपुर गांव में हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में पड़ोसी महिला ने अपने मकान की खिड़की से किरण पर तेजाब फेंक दिया। कमर पर तेजाब गिरने से महिला किरण झुलस गई, जिसका सीएचसी में उपचार कराया गया। इसके बाद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सीएचसी से जिला अस्पताल और फ़िर वहां से दिल्ली रेफर कर दी गई।

नूरपुर गांव निवासी विकल ने बताया कि उसकी पत्नी किरण की गली में लगे हैंडपंप से पानी लेने गई थी। पानी भरते समय पड़ोसी महिला ने अपने मकान की खिड़की से किरण के ऊपर तेजाब फेंक दिया। उसका दिल्ली के अस्पताल में महिला का उपचार कराया जा रहा है।



# चाऊमीन में मांस के टुकड़े मिलने पर ग्राहक ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर स्थित चौधरी फैमिली ढाबे पर एक ग्राहक निखिल ने अपने दोस्तों के साथ वेज सिंगापुरी चाऊमीन ऑर्डर की। चाऊमीन में मांस के टुकड़े मिलने पर उन्होंने हंगामा किया।

ग्राहकों का आरोप है कि ढाबा संचालक ने जानबूझकर मांस खिलाने की कोशिश की। निखिल और उनके दोस्तों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद ढाबा संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक खाद्य आयुक्त मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने ढाबे पर छापेमारी की। टीम ने ग्रेवी का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। ढाबा संचालक को 15 दिन का नोटिस जारी किया गया है। साथ ही साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए गए हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# शुभम को बनाया गया आसपा का जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए, ग्राम बिहारीपुर निवासी शुभम भारती को जनपद बागपत का पार्टी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद है।

शुभम भारती की नियुक्ति के साथ, पार्टी को एक नए और गतिशील नेतृत्व की प्राप्ति हुई है। शुभम भारती के पास समाज सेवा का अनुभव है और वे हमेशा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने शुभम भारती की नियुक्ति पर कहा कि शुभम भारती एक समर्पित और मेहनती कार्यकर्ता हैं। हमें विश्वास है कि वे बागपत जिले में पार्टी को मजबूत बनाने और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की विचारधारा को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शुभम भारती ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं पार्टी को मजबूत बनाने और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में नई उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।



# टॉपर्स छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव ककौर कलां में स्व.दिनेश कुमार सरोहा की स्मृति में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की सीबीएससी व यूपी बोर्ड परीक्षाओं में गाँव के टॉपर्स छात्र छात्राओं को ग्राम सेवा संगठन बागपत व आँखें मिडिया सोशल नेटवर्क द्वारा गाँव के प्रबुद्ध व्यक्तियों की मौजूदगी में फूल-मालायें पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा 10 में सम्मानित होने वाले छात्रों में शिवम सरोहा पुत्र अनुज सरोहा 96प्रतिशत, अभिनव वत्स पुत्र रजनीश वत्स 88प्रतिशत, आर्यन पुत्र राजकुमार 85प्रतिशत, अभिनव शर्मा पुत्र बलराम शर्मा 80प्रतिशत और कक्षा 12 में इशांकी पुत्री दीपक कुमार 96.8प्रतिशत, सृष्टि पुत्री प्रदीप कुमार 86प्रतिशत, दिशा चौधरी पुत्री योगेंद्र सरोहा 81प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रायें शामिल रहे। आमन्त्रित अतिथि प्रोफेसर डा.जय कुमार ने अफ्रीकी-अमेरिकी शिक्षाविद, लेखक व संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति के सलाहकार बुकर टी वॉशिंगटन की आर्थिक स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा अल्प संसाधन भी शिक्षा प्राप्त करने की इृढ़ इच्छाशक्ति में बाधा उत्पन्न नहीं कर सकते। संगठन के प्रेरणा स्रोत समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय ने कहा संस्कारों से पोषित शिक्षा व्यक्ति के बौद्धिक, सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ राष्ट्र व संस्कृति की रक्षा सहित चरित्र का निर्माण करती है। ग्राम सेवा संगठन के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार सरोहा ने कहा अपनों की स्मृति के साथ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एक अलग अनुभूति है।




# सच्चा मित्र होता है हितेषी जो आपको अच्छी आदतें सिखाए और बुराइयों से बचाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा जून माह में चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर के लिए नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज बुढेड़ा में सभा मंत्री रवि शास्त्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा सच्चा मित्र हितेषी होता है। जो आपको अच्छी आदतें सिखाए और बुराइयों से बचाएं, ऐसे सच्चे मित्र का सम्मान करें और आपत्ति काल में उसकी सहायता भी करें। आज सच्चे मित्र की पहचान करना बहुत कठिन है। जो दिखावटी मित्र हो उनसे बचकर रहें, सावधान रहें। बल्कि धीरे-धीरे उससे संबंध तोड़ दे अन्यथा समय आने पर वह आपकी हानि भी कर सकते है और जो सच्चा मित्र दिखाई दे, उसके साथ पूरी श्रद्धा से मित्रता निभाए। उसका सम्मान करें सच्चा मित्र बनने का प्रयत्न करें। तभी आपका जीवन सुखमय हो सकेगा। शिविर में प्राचीन युद्ध कौशल कला तलवार, लाठी भाला आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण पाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य धर्मपाल त्यागी, नेहा चौधरी, मनोज शर्मा, पिंकी चौधरी, कपिल आर्य, अमरपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# रानी आहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** ब्लॉक सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व भाजपा विधायक डा.कुलप्रकाश मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवनकाल में सैकड़ों मंदिरों का जीर्णोद्धार और निर्माण करवाया। इससे देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिला। कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिला महामंत्री जशवीर सौलकी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस दौरान एडीओ पंचायत प्रेम सिंह, सचिन , प्रेमलता, सुमन, राजेश आदि मौजूद रहे।



# आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी, 55 पशु पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना सहबानपुर में आवारा पशुओं से परेशान किसानों नें आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला रखा है जिसमे तीन दिन में 55 पशुओं को पकड़ गौशाला भेजा गया है।

गौना,सहबानपुर, ललियाना के जंगल में आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है जिससे किसानों की लगभग 2 हजार बीधा फसल बर्बाद हो रही है। किसानों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़ने या खेतो की तारबंदी की मांग की थी, लेकिन मांग पूरी न होने पर किसानों ने आवारा पशुओं को पकड़ने का बेड़ा उठाया और गावों से चंदा इखटा कर खुद आवारा पशुओं को पकड़ने की ठानी जिससे लेकर किसानों ने बागपत मुख्य चिकित्सक अधिक. ारी से प्रमीशन भी ली और तीन गावों के किसानों ने जंगल मे डेरा डाल दिया और वही भटटी लगाकर खानें की व्यवस्था भी की गयी। किसान रात दिन जंगल मे रहकर आवारा पशुओं को पकड़ने मे लगे है। तीन दिन में 55 आवारा पशुओं को पकड़ा गया है जिससे विभिन्न गौशाला में भेजा जा रहा है। किसानों की मुहिम लगातार जारी है और अपनी फसलों को बचानें के लिए आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी है।



# रामा कॉलोनी में महिला पुरुष ने घर में घुसकर की लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नेहरू रोड पर स्थित राम कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर 2 बजे के लगभग एक महिला और एक पुरुष मकान किराये पर देखने के बहाने शकुंतला जैन के घर में घुसे शकुंतला जैन अकेली रहती हैं। दोपहर का समय था दोनों ने घर में घुसकर जबरदस्ती शकुंतला के कुंडल उतार वा लिए तथा उन्हें कमरे में बंद कर दिया। मकान के दूसरे गाली वाले रास्ते से दोनों भाग गए। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए दोनों के भागने की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना की सूचना रेलवे रोड चौकी पर दी गई। जानकारी होने पर चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी वहां पर पहुंचे सीसीटीवी कैमरा को देखा जा रहा है जिसमें महिला पुरुष भागते हुए दिखाई दे रहे हैं।




### भूल सुधार

कार्यालय खंड विकास अधिकारी पिलाना जनपद बागपत की एक निविदा सूचना जिसकी पत्रांक संख्या 172 शाह टाइम्स समाचार पत्र के दिनांक 16.05.2025 के अंक में प्रकाशित हुई थी इस निविदा सूचना में निविदाये खोले जाने की तिथि 31.05.2025 के स्थान पर 15.05.2025 प्रकाशित हो गई थी अत: इस निविदा सूचना में निविदाये खोले जाने की तिथि 31.05.2025 पढ़ा जाए बाकी सभी यथावत रहेगा।

**व्यवस्थापक शाह टाइम्स बागपत।**

### सूचना

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सागर व पुत्रवधू विधि डागर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सतेन्द्र पुत्र फेरू निवासी ग्राम सिलाना थाना छपरौली तहसील बडौत बागपत जनपद बागपत।

### सूचना

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र प्रदीप सिंह चौहान व पुत्रवधू प्रिया सिंह उर्फ सिंह प्रिंया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र बनवारी सिंह चौहान निवासी ग्राम तुगाना थाना छपरौली तहसील बडौत बागपत जनपद बागपत।

# महिला की हत्या कर शव सूटकेस में रख झाड़ियों में फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** क्षेत्र के सिखेड़ा रजवाहे के किनारे झाड़ियों में एक सूटकेस दिखाई दिया। राहगीरों को संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने प्रारंभिक जांच शुरू की।

शुक्रवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के सिखेड़ा रजवाहे के किनारे झाड़ियों में एक सूटकेस दिखाई दिया। संदेह होने पर राहगीरों ने इसकी सुचना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ अनीता चौहान और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और जाँच शुरू कर दी। जैसे ही पुलिस ने सूटकेस खोला उसमें एक महिला का शव मिला। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शव करीब एक सप्ताह पुराना है। माना जा रहा है कि महिला की हत्या करने के बाद शव को सूटकेस में बंद कर फेंका गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है। महिला की पहचान और हत्यारों का पता लगाने के लिए पुलिस टीमें काम कर रही हैं।





# अवैध हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नेथानी के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा एक ज़िंदा कारतूस बरामद किया है।

थाना सिम्भावली प्रभारी निरीक्षक सुमित तोमर ने बताया कि ऑपरेशन शस्त्र अभियान पुलिस द्वारा चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान एक बदमाश इकरार पुत्र इस्माईल निवासी ग्राम वैट थाना सिम्भावली को राजपुर से पीरनगर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक ज़िंदा कारतूस बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश पर थाना सिम्भावली पर गैंगस्टर एक्ट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज है। फिलहाल बदमाश को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# गोदाम में सरकारी राशन की कालाबाजारी की सूचना पर दौड़े अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर आवास विकास कॉलोनी में स्थित एफसीआई में गेहूं की बोरियों में पानी लगाने की शिकायत मिलने पर खाद्य आपूर्ति अधिकारी सीमा बालियान, खाद्य पूर्ति निरीक्षक कमलेश झा मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। इस दौरान 166 कुंटल गेहूं में 24 किलो का अंतर पाया गया। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी। साथ ही धर्म कांटा पर भी खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने वाहनों की जांच भी की।

खाद्य आपूर्ति निरीक्षक कमलेश झा ने बताया कि सम्बंधित मामले की जांच जारी है। जाँच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की माने तो यहां रोजाना ट्रकों से गेहूं की काला बाजारी की जाती है। अधिक. ारियों को सूचना देने के बाद भी अधिकारी इन पर कोई कार्यवाही नहीं कर पाते। एफसीआई के बाहर बैठे गेहूं चोर माफियाओं के हौसले बुलंद होते दिख रहे ।



# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, फंदे पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** खादर क्षेत्र के गांव शाकरपुर निवासी महिला संजना 25 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव कमरे मे फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मायके पक्ष के लोगों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव काकाठेर की मढैंया निवासी बुद्धन सिंह ने बताया कि उनकी 25 वर्ष की बेटी संजना की शादी करीब चार माह पूर्व गांव शाक. रपुर निवासी युवक से की थी। पीड़ित ने बताया कि पिछले कई दिनों से बेटी मानसिक तनाव में चल रही थी। शुक्रवार की दोपहर को उसके ससुराल पक्ष की ओर से सूचना मिली की संजना की मौत हो गई। सूचना पर वह लोग उसके घर पहुंचे तो मालूम हुआ कि संजना को ससुराल पक्ष के लोग हापुड़ के अस्पताल ले गए है। आस पास के लोगों से जानकारी तो मालूम हुआ कि संजना का शव उसके ही कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि महिला की मौत की सूचना पर जांच की जा रही है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

# नाबालिग से दरिंदगी करने वाले को कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबा. लिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 25,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि वर्ष 2018 को आरोपी सतीश कुमार पुत्र गजे सिंह निवासी ग्राम अतरौली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद द्वारा नाबालिग का अपहरण करने के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर मुकदमा दर्ज किया गया था तथा वर्ष 2018 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। शुक्रवार को न्यायालय एडीजे/पॉक्सो एक्ट प्रथम हापुड़ द्वारा आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 25,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। वही दूसरी और, गला घोंटकर युवती को मौत के घाट उतारने वाले आरा. ेपी आशु उर्फ शहजाद पुत्र राजू निवासी फ्रीगंज रोड़ निराश्र समिति रेलवे पार्क को आजीवन कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

# अवैध हथियार रखने वाले दो दोषियों को न्यायलय ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से असलहा रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2009 में आरोपी अनुज द्वारा अवैध रुप से असलहा रखने के मामले में थाना हापुड़ देहात पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायालय द्वारा अवैध रुप से असलहा रखने के मामले में न्यायलय ने साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर अनुज पुत्र मुन्नालाल निवासी मोहल्ला तगासराय थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बितायी गयी अवधि 3 माह 27 दिवस व 1,500 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है। साथ ही वर्ष 2018 में दूसरे आरोपी फजरू पुत्र कुरबान अली निवासी मोहल्ला रुस्तमपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बितायी गयी अवधि 8 माह व 2,000 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ग्राम होशदारपुर गढ़ी निवासी बोबी पर गोली मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम होशदारपुर गढ़ी निवासी बोबी पर गोली मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे आरोपी पिन्टू पुत्र सतपाल व संदीप पुत्र सतपाल निवासी को बछलौता नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा कारतूस व एक स्पलेण्डर मोटर साइकिल बरामद की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपीयों ने पुरानी रंजिश के चलते अपने पड़ोसी बोबी पर गोली मारकर जानलेवा हमला किया गया था। फिलहाल आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# योग उत्सव स्वास्थ्य व शांति का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के I-M-I-R-C- कॉलेज भेना में योग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, डा. विक्रमादित्य सिंह, पूर्व विधायक कमल मलिक, पंकज सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण चौहान, और अन्य प्रमुख नेताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया द्वारा किया गया, जिन्होंने योग और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने भी अपने संबोधन में योग की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में योग अपनाना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। रेखा नागर ने कहा योग न केवल शारी. रिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए भी बहुत लाभकारी है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक ध्यान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने शांति और समर्पण के भाव से एकजुट होकर ध्यान लगाया।

# एसपी ने पुलिस लाईन में पुलिसकर्मियों को लगवाई दौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ कराई। इसके बाद उन्होंने पीआरवी गाड़ियों का रिस्पांस टाइम व उनमें रखे सुरक्षा उपकरणों को चेक किया। इसके बाद परेड़ ग्राउंड में सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना साथ ही सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही एसपी ने पुलिसकर्मियों द्वारा शस्त्रों को खोलना, अग्निशामक यंत्र प्रयोग करना, येलो टेप से घटनास्थल को संरक्षित करने आदि कवायद भी कराई गई।

परेड में शामिल थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी/डायल-112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर नाइट चैकिंग रजिस्टर चेक किया गया। पीआरवी गाड़ी पर मेडिकल किट, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु येलो टेप, रेस्पांस टाइम को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि कोई भी घटना होने की स्थिति में पुलिसकर्मियों को तत्काल मौके पर पहुंचना चाहिए। कम से कम वक्त के अंदर दंगा नियंत्रण यंत्रों के साथ तैयार होकर मौके पर पहुंचना चाहिए। एसपी ने परेड़ ग्राउंड में सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना साथ ही सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# केकेसी किंग क्लब ने जीती दौताई नाइट प्रीमियर लीग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दौताई नाइट क्रिकेट प्रीमियम लीग के फाइनल मैच में केकेसी किंग क्लब ने स्याना इलेवन को कांटे के मुकाबले में पराजित कर खिताब जीता।

गढ़ क्षेत्र के गांव दौताई में एक सप्ताह पहले प्रारंभ हुई नाइट क्रिकेट प्रीमियम लीग गुरुवार की देर रात में संपन्न हो गई। फाइनल मैच केकेसी किंग क्लब गढ़ और जनपद बुलंदशहर की स्याना इलेवन के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्याना इलेवन निर्धारित ओवर खेले बिना ही 95 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसके जवाब में केकेसी किंग क्लब की टीम ने कांटे के मुकाबले में पांच विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य हासिल करते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में विजेता टीम के खिलाड़ी नवेद पठान और सीरीज में अनस हमजा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए मुजम्मिल हयात, डा.शुएब, मनफत हयात, रशीद चौधरी, एडवोकेट महताब चौधरी ने विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में 51 हजार की नगदी के साथ ही स्कूटी भेंट की। उप विजेता टीम को भी शील्ड से पुरस्कृत करते हुए खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया गया।



# शिविर में जरूरतमंदों को वितरित किए कृत्रिम अंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ब्लॉक परिसर में भाजपा के अंत्योदय लक्ष्य को साकार करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिका. रिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु पंजीकरण व परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आरती, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, और समाजस. ेवी संजय कृपाल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि सांसद अरुण गोविल का यह प्रयास सुनिश्चित करता है कि उनकी लोकसभा में कोई भी दिव्यांगजन उपकरणों के अभाव में न रहे। उन्होंने जिले और नगर की टीमों को निर्देश दिए कि वे ब्लॉक स्तर पर सभी अधिकारियों के साथ सहयोग कर दिव्यांगजनों की हर संभव मदद करें और पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाएं। शिविर में कुल 205 दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक श्यामेंद्र त्यागी, ब्लॉक प्रमुख ममता तेवतिया, सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली, जिला महामंत्री मोहन सिंह, एडीएम हिमांशु कुमार, जिला सीएमओ सुनील त्यागी, सभासद ज्योति सिंह, अमित कुमार शर्मा, सौदान सिंह व नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने की घटना के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती होने पर गर्भपात करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी तनुज सिद्धू पुत्र राज सिंह उर्फ राजू निवासी लालपुर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ को एचपी गैस गोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# पालिका में मनाई रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बागपत में देश की महान आदर्श शासिका रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर पालिका सभागार में एक भव्य महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी कार्यक्रम में राजुद्दीन एडवोकेट अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना, पालिका की समस्त महिला सभासद, महिला शक्ति के रूप में महिला सफ़ाई मित्र कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने गोष्ठी को गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित महिला सभासदों एवं महिला सफ़ाई मित्रों को पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना ने संबोधित करते हुए रानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।उन्होने महिलाओं से रानी अहिल्या बाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेने व स्वयं को स्वावलंबी, शिक्षित और सशक्त बनने का आवाहन किया। इस अवसर पर राजुद्दीन अध्यक्ष, कृष्ण कुमार भडाना अधिशासी अधिकारी ने महिला सभासदो व महिला सफ़ाई मित्रो को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर का कैंप लगाकर महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधित जांच की गई एवं डूडा विभाग के द्वारा सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं की जानकारी दी।




# शहीद मेले में आज होगा मुकाबला कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति हापुड़ के तत्वाधान में रामलीला मैदान में चल रहे शहीद मेला एवं प्रदर्शनी में शनिवार 31 मई को रात्री 8 बजे मुक. ाबला-ए-कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल छावनी वाले व महामंत्री एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी ने बताया कि कव्वाली ए मुकाबले में सहज सूफ़ी व सौरभ सादाफ भाग लेंगें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं मेला मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र त्यागी ने कहा की इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है और इस कार्यक्रम में काफी लोगों की शामिल होने की संभावना है।



# चोरों ने बंद पड़े मकान से की लाखों की नकदी व जेवर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव हाईकोर्ट निवासी किसान के बंद पड़े मकान में घुसकर चोर तीन लाख की नकदी समेत अन्य सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। घर आने पर पीड़ित को मामले की जानकारी हो सकी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 26 मई को वह परिवार के साथ घर का ताला लगाकर बाहर गए थे। 28 मई की शाम को जब वह घर आए तो देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला तो लगा हुआ था, जबकि मकान के अंदर के दोनों कमरों का ताला टूटा हुआ था। पीड़ित ने कमरों में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीड़ित ने आस पास में चोरों को तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


# आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# मिलक के दुकानदारों ने दुकानें तोड़े जाने को लेकर धरना-प्रदर्शन कर डीएम से मांगी इच्छा मृत्यु





( इकरार हुसैन )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के दुक. ानदारों ने शुक्रवार को अपनी दुकाने बंद कर सामूहिक धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से इच्छा मृत्यु मांगी है। पीडब्लूडी द्वारा नगर के मैन रोड़ पर चालीस दुकानों और बिलासपुर रोड पर 32 दुकानों को नोटिस जारी कर लाल निशान लगाने से व्यापारियों और दुकानदारो में दहशत का माहौल है।

दुकानदारों का कहना है कि दुकान टूटने के बाद वह वेरोजगार हो जाएंगे और सड़कों पर आ जाएंगे। वह इन दुकानों पर अपने दादा परदादा के बक्त से रह रहे है दुकान टूटने से वह और उनके परिवार सड़कों पर आ जाएंगे उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ जाएगा। दो दिन पूर्व पीडब्लूडी की जेई ओवामा रहमानी, तहसील और पालिका की टीम के साथ नगर के नेशनल हाईवे -24 पर तीन बत्ती चौरहा से तहसील तक लगभग 40 दुकानों की निशान देही करते हुए तीन दिन में अतिक्रमण अपने आप हटाने का आदेश देते हुए नोटिस जारी किया था। वहीं इससे पूर्व बिलासपुर रोड की 32 दुकानों को एक हफ्ते का नोटिस दिया गया था जिसका समय भी शनिवार को पूरा हो रहा है और जालिफ नगला से नवदिया चौराहा तक नाप तोल कर अतिक्रमण हटाने को कहा नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से नाराज व्यापारियों और दुकानदारों ने शुक्रवार को तीन बत्ती चौराहे के सामने सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन किया।

इसमें नगर के समस्त व्यापारियों और दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद रखा धरना प्रदर्शन के माध्यम से दुकानदारों ने कहा है कि बरसों से वह जिस दुकान पर रह रहे हैं अगर उसे प्रशासन ने तोड़ दिया सुबह अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कैसे कर पाएंगे। व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी रामपुर से अच्छा मृत्यु की मांग की है। उधर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है।

## व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में जिले के प्रभारी मंत्री से मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में जिला के प्रभारी मंत्री से मिला सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को दोपहर जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर से मिला और उनसे मिलक में दुकानों को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया।

दुकानदारों का कहना है कि 30 से 40 वर्षों से वह इन दुकानों पर काविज है पॉइंट में से कई दुकान है तो नगर पालिका द्वारा आवंटित की गई थी जिसका किराया भी नगर पालिका वसूलती है।

मिलक में बाईपास निकालने से ज्यादा ट्रैफिक की समस्या भी अंदर से नहीं होती है।

प्रभारी मंत्री ने सभी व्यापारियों और दुकानदारों को आश्वासन दिया की सभी बिंदुओं को देखकर ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में स्थानीय जनप्रति. निधि और भाजपा के नेता भी शामिल थे।

## नगर में बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही करे प्रशासन : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आद. ेश शंखधार ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही करने का आग्रह किया है। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि नगर मिलक में नेशनल हाईवे के किनारे कुछ दुकानें नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा कई दशकों पूर्व बनाकर दुकानदारों को आवंटित की गई हैं तथा उन दुकानों में दुकानदारों द्वारा अपना व्यापार किया जा रहा है और समय पर नगर पालिका परिषद मिलक को किराया भी दिया जा रहा है।

लेकिन 28 मई को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से लगभग चालीस दुकानदारों को नोटिस देकर मात्र तीन दिनों का समय दिया गया है तथा तीन दिन बीत जाने के बाद दुकानों को बल पूर्वक हटाए जाने की बात कही गई है।

जिससे व्यापारी वर्ग निराश व परेशान है। हमारी मांग है कि जिन दुकानदारों को नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा दुकानों का आवंटन किया गया है तथा समयानुसार किराया भी वसूला गया है अगर उन दुकानदारों की दुकानें प्रशासन द्वारा खघली कराई जाती या ध्वस्त कराई जाती हैं तो उन सभी दुकानदारों को नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा किसी अन्य स्थान पर दुकानें उपलब्ध कराई जानी चाहिए क्योंकि नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा निरंतर दुकानदारों से किराया वसूल किया गया है तथा दुकानें आवंटित करते समय भी कुछ धनराशि जमा कराई गई थी इसलिए नगर पालिका परिषद मिलक का दायित्व बनता है कि वह उन सभी दुकानदारों को दुकान उपलब्ध कराए जिनसे कि किराया बसूल किया गया है।

आगे कहा कि जिलाधिकारी द्वारा जनहित में लिए गए प्रत्येक निर्णय का हम हृदय से स्वागत एवं सम्मान करते हैं एवं पूरी तरह से प्रशासन के साथ हैं तथा इसमें हमें एक आग्रह भी करना है कि क्योरार बाई पास से रौरा कलां बाई पास तक बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी जाति धर्म के तथा बिना किसी के दबाव में आए सभी के साथ एक समान कार्यवाही अमल में लाई जाए, जिससे कि रोड चौड़ीकरण की कार्यवाही को सर्व प्रथम क्योरार बाई पास से प्रारम्भ करते हुए रौरा कलां बाई तक होना चाहिए। जिससे कि कोई भी व्यक्ति प्रशासन की कार्यवाही पर सवालिया निशान न लगा सके और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य हो।

## दो माह का वेतन दिए जाने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** दड़ियाल नगर के सफाई कर्मचारियों का दो महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी परेशान हाल है। सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर बाबू के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर वेतन दिए जाने की मांग की।

गुरुवार को माह अप्रैल व मई दो माह के वेतन के भुगतान को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष रावत वाल्मीकि के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी नगर पंचायत कार्यालय पर एकत्र हुए। नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक कृष्णा बाबू को



सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि नगर के सफाई कर्मचारियो के दो माह का वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। रावत वाल्मीकि ने कहा कि नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी के न होने का बहाना बनाकर सफाई कर्मचारीयों को दो माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे सफाई कर्मचारियो के परिवारो को पालन पोषण करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । सफाई कर्मचारियों के बच्चों की समय से स्कूल की फीस आदि भी जमा नहीं हो पा रही है।

सफाई कर्मचारियों की आर्थिक तंगी हो रही है । अगर जल्द सफाई कर्मचारीयों को दो माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो सफाई कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था ठप करने को बाध्य होंगे धरना प्रदर्शन में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के सचिव राकेश वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, रवि वाल्मीकि, उमेश वाल्मीकि,अमित, अंकित,सुनील , अशोक ,राजीव, बबीता,सपना,शीतल ,मन्तोष, रीना ,ममता ,सीमा ,मनीषा, अनीता ,रीता ,सुनीता आदि मौजूद रही।

## तेज आंधी से प्रभावित हुई लाइट को बिजली विभाग ने 24 घण्टे में किया ठीक



( सुहैल मियॉ )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को दोपहर के समय आयी तेज आंधी व बारिश के कारण मुंशी गंज मार्ग पर आधा दर्जन बिजली के खम्भे गिर गए जो जजर हालत में थे खम्भे गिरने से टांडा बिजली घर से स्वार आ रही सप्लाई वांछित हो गई।

स्वार की बिजली की लाइन के पास हजारों पेड़ खड़े है।पेड़ गिरने से भी लाइट में फाल्ट हो जाता है। आंधी में हुए फाल्ट और खम्भों को सही करने के लिये बिजली विभाग के जेई के साथ ही समस्त स्टाफ सप्लाई सही कराने में लगा है। काफी मशक्कत के बाद शुक्रवार को लाइट सही हो पाई है।

### एक नजर

## नगर पंचायत नरपत नगर में 300 अहिल्याबाई की मनाई गई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवारअहिल्याबाई की 300 वी जयंती नगर पंचायत कार्यालय में मनाई गई ,नगर से औरतों ने ज्यादा संख्या में हिस्सा लिया । इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रिओं को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज कुमार चौहान, जिला उपाध्यक्ष सिंचाई बंदू रामपुर,चेयरमैन खालिद अली, डॉली रंधावा, अधिशासी अधिकारी आशुतोष कुमार,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ , गुरुत्वश सिंह ,मुकुट लाल ,समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियाँ, समस्त सभासदगण सैलेंद्र कुमार ,अरमान अली, लियाकत अली, जिलानी, रियासत अली, अकरम अली, सिराज अली, जाफर अली, इमरान अंसारी, भूरा, नफीस अहमद, जुल्फेकार अली, शमशाद अहमद, कैसर अली, सलीम, इस्लाम आदि लोग मौजूद रहे।

## 4 नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 4 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए वारंटी अरूण सैनी पुत्र दीनदयाल निवासी चक स्वार, ब्रजकिशोर पुत्र लाखन सिंह निवासी रहमतगंज, फारुख पुत्र मो अहमद, नईम पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी गण अगलगा स्वार को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि. लईक अहमद, सुग्रीव सिंह,पुनीत कुमार,हे.का.,संदीप कुमार, राजन कुमार, दुर्जन सिंह, जोगेंद्र सिंह,कमलजीत, अर्पित कुमार आदि मौजूद रहे।

## सड़क चौड़ीकरण से भयभीत लोग एसडीएम से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बीते दिनों पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क चौड़ीकरण के मध्य नजर दुकानदारों को नोटिस दिए गए थे वहीं राजस्व टीम के साथ मिलकर निशान देही भी की गई थी। निशांत दही के बाद जद में आने वाले दुकानदारों में खलबली मच गई। कार्रवाई के लिए सप्ताह भर का टाइम देकर रिक्शा द्वारा अनाउंसमेंट भी कराया गया। साथ में आने वाले दुकानदार अपनी बात को उत्तर प्रदेश के सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाने के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना हनी से मिले और अपनी समस्या उनके सामने रखी। वहीं शुक्रवार को दुकानदार व्यापारी संगठन के साथ एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय से मिले और शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी के पुराने रिकॉर्ड में इस सड़क का नाम जीरो प्वाइंट (सिंचाई विभाग का डाक बंगला) से शाहबाद सिरौली ग्रामीण मानकों की सड़क है जिसमें व्यापारियों द्वारा आग्रह किया गया है कि जब हमारी दुकान एवं मकान पीडब्ल्यूडी के पुराने मानकों के अंतर्गत हैं तो नया मानक बिलारी भमोरा मार्ग बिना मुआवजा के किस मानक के अंतर्गत बनाया जा रहा है। इस पर एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने मौके पर जाकर निरीक्षण कर समस्या से आला अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। इस दौरान व्यापारी संगठन से मुकेश कुमार गुप्ता गोरेखा राजू गुप्ता वेद प्रकाश चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय जनपद रामपुर**
**विविध वाद सं.**- 42 **सन्** 2025

मोहम्मद फरीद उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र स्व. मेहन्दी हसन निवासी- 27 ठोठर मय सब्जी मण्डी तहसील सदर जिला रामपुर। .........**वादी**

**बनाम**

1. कुलसुम उम्र करीब 19 वर्ष पुत्री स्व. मेहन्दी हसन निवासी-27 ठोठर मय सब्जी मण्डी तहसील सदर जिला रामपुर।
2. आम जनता .........**विपक्षी**

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि मोहम्मद फरीद उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र स्व. मेहन्दी हसन निवासी-27 ठोठर मय सब्जी मण्डी तहसील सदर जिला रामपुर के द्वारा जिला जज के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु वाद दायर किया था। प्रार्थी के पिता मेहन्दी हसन पुत्र अजीज अहमद निवासी 27 ठोठर मय सब्जी मण्डी तहसील सदर जिला रामपुर (उ.प्र.) जिनका स्वर्गवास दिनांक 14.10.2016 को हो चुका है, के नाम भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में प्रार्थी नॉमिनी है व बैंक ऑफ बडौदा शाखा सिविल लाइन्स रामपुर में खाता सं.- 05850100001949 व 05850100002068 लॉकर नं.- 34 जिसका प्रार्थी नॉमिनी है में जमा धनराशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह माननीय न्यायालय में दिनांक 18.07.2025 को प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जायेगा और निर्णयत: आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 30 माह सन् 2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय जिला जज रामपुर।**

## बिजली विभाग के खिलाफ नगरवासियों ने किया प्रदर्शन

( सुहैल मियॉ )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बिजली की समस्या को लेकर नगर के लोगों ने स्वार उपकरण इकाई कार्यलय पर समाज सेवी परवेज अख्तर एडवोकेट की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया और बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चमराकर रह गई है। बिजली की आँख मिचौली के चलते क्षेत्रवासियों का बुरा हाल है। शेड्यूल से बिजली नही मिल पाती उनका आरोप है कि जेई आसिफ कामरुज्जमा का भी व्यवहार जनता के प्रति ठीक नही है।आंधी के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।जिससे नगर सहित दर्जनों गांवों में बिजली की समस्या बनी है। प्रदर्शन करने वालो ने मांग की है कि बिजली शेड्यूल के हिसाब से दी जान चाहिये और बिजली की कटौती रोकी जाए।उधर एसडीओ सर्वेश सिंह ने बताया है कि बिजली सुधारने के लगातार प्रयास किये जा रहे है।इस दौरान प्रदर्शन करने वालो में परवेज अख्तर, इरशाद अंसारी, मो राशिद वारसी,जसीम, अंसार, मोहम्मद जीशान, भूदेव, रिंकू, योगेश,रजत,विकास, शाहनिब, गुलाम मोइनुद्दीन आदि मौजूद रहे।





## तेज आंधी में ढहा राजमिस्त्री का मकान आवास के लिए अधिकारियों के काट रहा चक्कर

( मो.फारूख अंसारी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** तेज हवा और बारिश में बिजार खाता में राजमिस्त्री का कच्चा घर ढह गया जिसमें परिवार बाल बाल बच गया। ग्रामीण ने ग्राम पंचायत पर अपेक्षा बरतने आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है।

गुरुवार को मसवासी क्षेत्र में भयंकर आंधी और बारिश हुई थी जिसमें बिजार खाता निवासी राजमिस्त्री राहत अली का कच्चा घर भर भरा कर गिर गया जिससे डबलबेड समेत अन्य घरेलू सामान भी दबाकर नष्ट हो गया था गनीमत रही की कच्चे घर से परिवार पहले ही खतरा भाप कर पड़ोस के मकान में जाकर बैठ गया था।

कच्चा घर ढह जाने से राजमिस्त्री के सर पर छत का संकट गहरा गया है ग्रामीण ने आवास बनवाने के लिए ग्राम पंचायत में आवेदन किया था लेकिन आवेदन पर कोई ध्यान नहीं



दिया गया है जिससे राजमिस्त्री परिवार में आक्रोश बना हुआ है उसने तहसील अधिकारियों से सर्वे कर मुआवजे की मांग की है।

## सिख समाज ने गुरुद्वारा के सामने लगाया शर्बत का लंगर



( सोनू अवस्थी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/खानम।** गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर सिख समाज के लोगो ने मिलक खानम गुरुद्वारा के सामने चने और मीठे शरबत का लंगर लगाया और आने जाने वाले लोगो को लंगर चखाया।इस दौरान सिख समुदाय के लोगो ने सुबह से गुरुद्वारा के सामने चने व शरबत का स्टाल लगा कर आने जाने वाले लोगों की प्यास बुझाई इस दौरान गुरुद्वारा के बाबा गुरदेव सिंह जी के साथ ही पूर्व प्रधान गुरबाज सिंह बग्गा, सुरेंद्र प्रधान, शेरा पलविंदर सिंह, संदीप सिंह प्रधान अवतार सिंह मनजीत सिंह पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

## दिल्ली ले जाकर किया था बलात्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिल्ली ले जाकर किशोरी के साथ बलात्कार कर उसे गर्भवती करने वाले दोषी को न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि 25 हजार रूपये का जुर्माना भी ठोका है।

घटना तीन साल पहले मंडी धनौरा थानाक्षेत्र के गांव में हुई थी। यहां पर किसान का परिवार रहता है। 9 अक्टूबर 2021 की रात किसान की 14 वर्षीय बेटी को गांव का ही रहने वाला केशव बहला फुसलाकर दिल्ली ले गया था। अगले दिन परिवार के लोगों ने किशोरी को काफी तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने आरोपी केशव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इससे पहले भी केशव ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। जिससे किशोरी करीब तीन महीने की गर्भवती हो गई थी। दिल्ली ले जाकर केशव ने किशोरी के साथ दो दिन तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने चौथे दिन किशोरी को बरामद कर आरोपी केशव को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराया तो वह करीब तीन महीने की गर्भवती पाई गई। मामले में किशोरी के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी केशव के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं की बढ़ोतरी की गई थी। पुलिस ने केशव को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर था। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम हेमलता त्यागी की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अर्धभियोजक रजनलाल लौधी पैरवी कर रहे थे। शुक्रवार को न्यायालय ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई थी और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी केशव को दोषी करार दिया। साथ ही उसे उम्रकैद की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# लेखपाल ने एक्सपोटर को बेच दी ग्राम समाज की भूमि

## शिकायत पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जांच की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** लेखपाल ने चार बीघा ग्राम समाज की जमीन पर मोटी रकम लेकर एक्सपोटर का कब्जा करा दिया। इतना ही नहीं ट्यूबवैल के नहर की भूमि को भी भूमाफियाओं का कब्जा करा दिया। भाकियू नेता द्वारा आत्मदाह की चेतावनी पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच तथा दस दिन में कार्रवाई का भरोसा दिया है।



मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जिवाई से जुड़ा है। यहां चार बीघा ग्राम समाज की भूमि पर लेखपाल तेजपाल सिंह ने मोटी रकम लेकर एक्सपोटर को कब्जा दिला दिया। इतना ही नहीं उसने डिडौली में स्थित सरकारी ट्युबवैल की नाली को भी मोटी रकम लेकर प्रोपटी डीलरों को बेच दिया। भाकियू भानू के प्रदेश महासचिव सत्यपाल सिंह चौहान ने कई बार मामले की शिकायत अधिकारियों से की। जिस पर लेखपाल ने उन्हें झूंठे मामले में फंसाने की धमकी दी। उधर कार्रवाई न होने से खफा भाकियू नेता ने कलेक्ट्रेट में आत्मदाह की चेतावनी दी थी। जिससे अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में एसडीएम भगत सिंह को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। भाकियू भानू के प्रदेश महासचिव द्वारा लगाये आरोप की जांच की गयी। एसडीएम ने दस दिन में जांच रिपोर्ट डीएम को देने की बात कही।

# मैस्को फार्मेसी कालेज के अध्यक्ष पर मुकदमा

## फर्जी प्रमाण पत्र से बिल्डिंग बनाने में फंसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कूटरचित दस्तवेजों व तालाब की जमीन पर कब्जा कर स्कूल का निर्माण करने में मैस्को इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी के अध्यक्ष कमाल फारूखी पर प्रशासन का शिंकजा कस गया है। ईओ की तहरीर पर उनकी खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।



मामला धनौरा रोड स्थित मैस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी से जुड़ा है। नगर के मौहल्ला गशितयान निवासी सैयद अशहर तौसीफ पुत्र स्व. तौसीफ हसन ने जन सूचना के अधिकार के तहत प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ से नगर के मंडी धनौरा रोड स्थित मैस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की मान्यता से संबंधित अभिलेखों की सूची मांगी थी जो अध्यक्ष कमाल फारूखी द्वारा संस्था की मान्यता के लिये लगाये गये थे। विभाग द्वारा जारी की गई प्रमाणपत्रों की छाया प्रतिलिपि नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा भू-स्वामित्व प्रमाण प्रत्र की छाया प्रतिलिपि नगर पालिका द्वारा 24 जनवरी 2018 को राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय के संबंध में उक्त प्रमाण पत्र जारी किया गया है या नहीं।

### ईओ की तहरीर पर हुई रिपोर्ट दर्ज

जांच में सामने आया कि उक्त प्रमाणपत्र पालिका द्वारा जारी नहीं किया गया है। अपर जिलाधिकारी न्याययिक द्वारा 8 अगस्त वर्ष 2024 को मैस्को इंस्टीटयूट के विरूद्ध फजी व कूटरचित दस्तवेज बनाने तथा प्रस्तुत करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिये गये है। उक्त प्रमाण पत्र अवैध रूप से लाभ पाने के लिये इसे फर्जी तरीके से बनाया गया है। आज इस मामले में ईओ डा. ब्रजेश कुमार की तहरीर पर मैस्को इंस्टीटयूट के अध्यक्ष कमाल फारूखी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# सोते मिले इकौंदा चौकी इंचार्ज, एसपी ने किया सस्पेंड

## आधी रात चैकिंग को पहुंचे एसपी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिसकर्मियों की सतर्कता चेक करने निकले एसपी अमित कुमार आनंद को इकौंदा चौकी इंचार्ज आराम फरमाते मिले। पूरी चौकी में सन्नाटा पसरा हुआ था। यह देखकर एसपी भड़क गए और उन्होंने तुरंत चौकी इंचार्ज सुंदरलाल को सस्पेंड कर दिया।

जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद रात दिन एक कर रहे हैं। बावजूद इसके पुलिसकर्मी लाप. रवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे। तीन दिन पहले अधीनस्थों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए थे। पिछले दिनों नौगांवा व डिडौली व अन्य क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेकर बृहस्पतिवार की रात एसपी अमित कुमार आनंद आधी रात को सड़कों पर उतर आए। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पॉइंट रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को चेक किया। साथ ही उन्हें मुस्तादी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी बनाए रखें। आधी रात के समय एसपी अचानक इकौंदा चौकी पर पहुंचे तो नजारा देखकर हैरत में पड़ गए। यहां पूरी चौकी पर सन्नाटा पसरा हुआ था। जबकि चौकी प्रभारी सुंदरलाल सो रहे थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने चौकी इंचार्ज को जगाया। एसपी को देखकर चौकी इंचार्ज हड़बड़ा गए। एसपी ने ड्यूटी के दौरान सोने का कारण पूछा तो चौकी इंचार्ज कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। लिहाजा एसपी ने दरोगा सुंदरलाल को तत्काल सस्पेंड कर दिया। इस दौरान एसपी ने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मनमानी करने वाले पुलिसकर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर मां-बेटों समेत पांच पर रिपोर्ट

## डीजे की आवाज कम कराने पर की थी मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तेज आवाज में बज रहे डीजे का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर परिवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। कोर्ट के आदेश पर मां-बेटे समेत पांच के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया गया है।

मारपीट की ये घटना नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के जब्दा गांव में हुई थी। यहां पर किसान वेदपाल सिंह का परिवार रहता है। एक अप्रैल को गांव के रहने वाले सोनू के घर डीजे बज रहा था। इस दौरान वेदपाल के परि. जनों ने डीजे की आवाज धीमी करने के लिए कहा था। बस इसी बात को लेकर सोनू, अपनी माता आज्ञादेवी और रिश्तेदार संजय, लोकेश, पिंकी के साथ घर में घुस आया और लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में वेदपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित वेदपाल सिंह के परिजनों ने नौगांवा सादात थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने न्यायालय की शरण ली। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सोनू, आज्ञावती, संजय, लोकेश और पिंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### 17 दरागाओं के कार्यक्षेत्र बदले

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को 17 दरोगा के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात महिला दरोगा महिमा चौधरी को इकौंदा चौकी प्रभारी बनाया है। जबकि पुलिस लाइन से चांदवीर सिंह प्रभारी चौकी मलेशिया, प्रभारी चौकी वॉच एंड वार्ड अमित कुमार को धनौरा कस्बा चौकी प्रभारी बनाया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से विजेंद्र सिंह को हसनपुर, अनूप कुमार त्रिवेदी और राकेश कुमार सिंह को डिडौली, महिला दरोगा कृष्णा देवी को गजरौला, राजीव पाठक को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महिला दरोगा अंजना चौधरी को रजबपुर, भारतवीर सिंह को महिला थाना अमरोहा, महिला दरोगा नेहा नेहरा को डिडौली, इंद्रजीत सिंह को अमरोहा देहात थाना, सुभाष चौहान को सैदनगली, परशुराम को रहरा थाना, सोनू कुमार को हसनपुर, महेशपाल सिंह को बछरायूं और महिला दरोगा अनीता शर्मा डिडौली से पुलिस लाइन भेजा है।

### साप्ताहिक बाजार में जेब कतरे की धुनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** देहात क्षेत्र के गांव कोठी खिदमतपुर के साप्ताहिक बाजार के दौरान एक जेबकतरे को रंगे हाथ पकड़कर जमकर धुनाई की। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। बृहस्पतिवार को कोठी खिदमतपुर में साप्ताहिक बाजार लगता है। दोपहर के समय एक युवक ने एक ग्रामीण की जेब पर हाथ साफ कर दिया। इसी दौरान एक अन्य ग्रामीण ने उसे जेब काटते हुए देख लिया। उसने शोर मचा दिया। शोर पर अन्य ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे अपने साथ ले गई। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है

### राष्ट्रसेवा के लिए हर समय रहें तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** छात्र छात्राओं को देशभक्ति व अनुशासन का महत्व बताया गया। साथ ही उन्हें लक्ष्य सामने रख पढ़ाई करने की सीख दी गयी। कैलसा स्थित घनश्यामदास टंडन सरस्वती विद्या मन्दिर में लेफ्टिनेंट सुनील कुमार द्वारा बच्चों को देशभक्ति, अनुशासन व कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया गया। उन्होने कहा कि यदि लक्ष्य सामने है तो उसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। आत्म विश्वास व देशसेवा की भावना हर समय मन में रहनी चाहिए। उन्होने एनडीए तथा एसएसबी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा की पहचान करनी चाहिए। वह समाज के लिए प्रेरणा बनकर हर समय आगे आयें। आप सभी को एक रोलमाडल के रूप में देखा जाता है। अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने में किसी तरह का संकोच न करें। उन्होने कहा कि कक्षाओं से लेकर वर्दी में राष्ट्र की सेवा करना आपके मन में हर समय जागृत रहना चाहिए।



# बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत, युवक घायल

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत हो गयी। जबकि युवक को गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार गजरौला के मौहल्ला मायापुरी निवासी कांतीनाथ पुत्र हुकम सिंह किसी काम से बाइक लेकर रहरा की ओर जा रहे थे। जब वह गांव हाकमपुर स्थित पैट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गयी। जिसमें कांतीनाथ व दूसरी बाइक पर सवार रियाज निवासी मोहल्ला सराय तरीन जिला संभल घायल हो गये। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने कांतीनाथ (65) को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार रियाज पुत्र अनवर को गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर किया गया है। बताया जाता है कि रियाज अपनी ससुराल थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर आ रहा था। उधर वृद्ध की मौत की सूचना पर घर में को. हराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवक की हत्या में नामजदों को गिरफ्तार करें

## सीओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पीट पीटकर युवक की हत्या किये जाने के मामले में नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किये जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर के ग्रामीण भारी संख्या में एकत्र होकर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंच गये। यहां उन्होंने प्रदर्शन कर युवक की पीट पीट कर हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द से जल्द जेल भिजवाया जाने की मांग की।परिजनों ने बताया कि 11 मई को गांव के ही बृजपाल, विशेष, काले, विरमू, अनुज तथा वीरेश ने उनके बेटे अमरीश की खेत पर जाते समय पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें 6 लोगों को नाम दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने अनुज तथा वीरेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन पुलिस ने अभी तक अन्य आरो. पियों को गिरफ्तार नहीं किया है। जबकि आरोपी लगातार मृतक के बड़े भाई को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए सीओ दीप कुमार पंत को ज्ञापन सौंप दिया। इसके साथ ही उन्होंने नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि अगर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे। इस दौरान भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष मोनू कुमार सागर, राजू खैवान, चंद्रा, चंद्रवती, सर्वेश, प्रेमवतो, शांति, कुंती, इंदिरा, राजबाला, पार्वती, मलखान, इंद्राज, जोगेंदर, जितेंद्र, खेमचंद, प्रेमपाल, राजू, बसंता, राकेश, अनिल, संजय, टेकचंद, प्रेम, बदलू, ओमवीर, लाला, श्योराज आदि ग्रामीण मौजूद रहे।





# किसानों के मसीहा थे चरण सिंहः अभिनय

## पुण्यतिथि पर काव्यांजलि कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवा लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधामंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में जो काम किये उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। पटवारी व्यवस्था का अंत कर लेखपालों की भर्ती भी उन्हीं की देन है।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते युवा लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि आज किसान को उनकी फसलों का जो हक मिल रहा है वह चौधरी चरण सिंह की देन है। उन्होंने कहा कि मध्य गंगा नहर परियोजना उनकी पहली और जनता की मांग पर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहेब ने हमेशा किसानों की आवाज को प्रमुखता से उठाया। वह किसानों का दर्द समझते थे तथा उनकी समस्याओं को दूर करने के लिये हमेशा प्रयासरत रहते थे। उन्होंने अपनी जीवन काम में कभी किसानों का उत्पीड़न नहीं होंने दिया। अब यही काम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी कर रहे है। कवियों ने भी उन्हें स्मरण किया। इस मौके पर डा. हरिओम पंवार, कविता तिवारी, मोहित शौर्य, विकास त्यागी, राहुल शर्मा, डा. अंजू आदि शामिल रहीं।

# चलती ई-रिक्शा से महिला ने लगाई छलांग

## गलत दिशा में ले जाने पर घबराकर उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अधिवक्ता की पत्नी को ई रिक्शा चालक डरा धमककर गलत दिशा में ले गया। चलती ई रिक्शा से कूद कर महिला चोटिल हो गई। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

नगर के कायस्थान निवासी अधिवक्ता मयंक सक्सेना पुत्र अनिल कुमार की पत्नी बीते दिन नगर के सुनील कुमार इंटरनेशनल स्कूल से बच्चों का परीक्षा फल लेने के लिए जा रही थी। इस दौरान स्कूल तक ई रिक्शा तय करके वह उसमें बैठ गई। महिला का कहना है कि ई रिक्शा चालक स्कूल ना ले जाकर के उसे गजरौला हसनपुर मार्ग पर स्थित दीपपुर गेट की ओर को ले जाने लगा। उसने उधर को ले जाने का कारण पूछा तो आरोपी चालक ने ई रिक्शा की गति और बढ़ा दी जिससे वह घबरा गई। महिला ने अपने आप को घिरता हुआ देखकर चलती हुई ई रिक्शा से छलांग लगा दी। जिससे वह बुरी तरह से चोटिल हो गई। उसके बाद ई रिक्शा चालक महिला को गंदी-गंदी गालियां देते हुए धमकाने लगा। महिला के शोर मचाने पर ई रिक्शा चालक वहां से फरार हो गया।महिला ने अपने पति को पूरा वाकया बताया तो कुछ ही देर में कई वकील कोतवाली पहुंच गये। वकीलों ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रदेश में बहू-बेटियां पूरी तरह सुरक्षितः सैनी

## राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को भजपा नेता निवर्तमान पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी के प्रतिष्ठान पर राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य प्रमोद सैनी का जोरदार स्वागत हुआ। राजेश सैनी के पुत्र ललित सैनी ने पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य प्रमोद सैनी ने कहा दूसरी सरकारों में पूरे प्रदेश में जहां भय का माहौल था आज वहीं योगी सरकार आने के बाद कानून का राज है। किसी भी व्यक्ति की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। सरकार की खूबियों का बखान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी या तो प्रदेश छोड़ कर चले गए हैं या जेल में हैं। घर की बहू बेटियां बिना भय के कहीं भी आ जा सकती हैं। प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास व सबके विश्वास के मूल मंत्र पर काम करते हुए हर वर्ग के लिए काम कर रही है। बिना भेदभाव लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।



इस अवसर पर ललित सैनी (लवी) ,विनेश सैनी, रामकिशोर सैनी, ओमप्रकाश सैनी , रोमित सागर, डा. सत्यदेव सैनी, सौरभ सैनी (मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धनौरा, संजीव सैनी, अमित रुद्रा, रजत कुमार, ऋतिक कुमार, सतवीर कुमार, नरेश यादव , जयंत सैनी, गर्वित सैनी आदि उपस्थित रहे।

# गलत जांच रिपोर्ट देने पर एसडीएम खफा


## कानूनगो व लेखपाल से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सहकारी गन्ना विकास समिति मलेशिया की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के मामले में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने एसडीएम को सच्चाई से जुदा गलत जांच रिपोर्ट सौंप दी जिसपर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए राज. ेश निरीक्षक और लेखपाल का स्पष्टीकरण तलब किया है जवाब संतोषजनक न होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी हैं।

अमरोहा मार्ग पर सहकारी गन्ना विकास समिति मलेशिया की भूमि पर कब्जे की शिकायत के चलते एसडीएम चंद्रकांता ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को जांच के निर्देश दिए थे। राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने सत्यता को छुपाते हुए एसडीएम के समक्ष मनमर्जी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार गौतम और लेखपाल दिनेश सिंह का स्पष्टीकरण तलब किया है। तीन दिन के भीतर संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है

# कडी सुरक्षा के बीच जनपद के 3 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई जाएगी बीएड परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी 1 जून को जनपद में आयोजित होने वाली बीएड परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पाली में प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 बजे तक द्वितीय 2 से 5 बजे जनपद के 3 केन्द्र पर सम्पन्न की जायेगी। बैठक में परीक्षा केन्द्रो के केन्द्र पर्यवेक्षक/व्यवस्थापक नामित स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट व अर्ब्जवर को निर्देशित करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप् समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। समस्त नामित स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केन्द्र प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण परीक्षा से पूर्व कर लें। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक कक्ष के सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल आदि की जांच कर ली जाये यदि कही कोई कमी हो तो उसे पूर्ण कर ली जाये। नामित मजिस्ट्रेट परीक्षा के दिन नियमित कक्षों में भ्रमणशील रहेगें और परीक्षा केन्द्र पर कोई भी कर्मचारी बिना आईडी के पाया गया तो उसके विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। केन्द्रों पर किसी भी प्रकार कमी या गडबडी पाई गई तो सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट का पूर्ण उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये कार्यवाही की जायेगी। सभी अधिकारी/कर्मचारी डयूटी पर समय पर पंहुचें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षकों व अन्य किसी भी स्टाफ को मोबाईल रखने की अनुमति नही होगी और साथ ही साथ परीक्षार्थियों को भी कोई भी इलैक्ट्रिानिक सामान या अन्य सामिग्री जो परीक्षा से सम्बन्धित नही है परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नही होगी। परीक्षा केन्द्र के आसपास फोटो स्टेट की सभी दुकानें बन्द रहेंगी। स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र पर्यवेक्षक सुनिश्चित करेगें की सीसीटीवी वाइस रिकार्ड के साथ संचालित रहे। पेपर खोलने व कापी सील के समय की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने समस्त अधिकारियों को कडे निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा समस्त नियमों व मानक के अनुरूप सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही क्षम्य नही होगी सभी लोग विश्वविद्यालय झांसी की तरफ से आये नियमों को अध्ययन कर लें जिससे परीक्षा के

# समाज के विकास में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिकाः ज्ञानेंद्र

## प्रेस क्लब के पत्रकारिता दिवस समारोह में कलमकार सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा है कि पत्रकारों की भूमिका समाज के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने सेवाकाल में बहुत से लोगों को लाभ समाचार पत्रों की खबरों को संज्ञान में लेकर किया है। यह सच है कि कुछ कमियां होती है। पत्रकारिता में 90 प्रतिशत अच्छे लोग है।

वे सकारात्मक दृष्णिकोण से कार्य करते है। जिलाधिकारी शुक्रवार दोपहर स्थानीय पीलीभीत टाईगर रिजर्व सभागार में प्रेस क्लब पीलीभीत रजि. द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उन्होंने कहाकि उनका प्रयास होगा कि उनके कार्यकाल में किसी भी पत्रकार का उत्पीडन न हो। उन्होंने प्रशासन और प्रेस के समन्वय से जिले के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। बरखेडा के इसरार प्रकरण की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रकरण में उन्होंने पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर घटना का सत्य सामने लाने को कहा है। जिला. धिकारी ने कहाकि जिले के विकास के लिए आप अपने सुझाव दें, उनको अमल में लाया जाएगा। इससे पूर्व प्रेस क्लब के संरक्षक केशव अग्रवाल ने कहाकि देश में सर्वाधिक शोषण पत्रकारो का हो रहा है। पत्रकारों का वेतन जिला पंचायत के सफाई कर्मचारी से भी कम है। इसके लिए विधेयक लाने के लिए सांसद और सरकार पर दबाव डालने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रेस क्लब अध्यक्ष से आग्रह किया कि पत्रकारिता की गरिमा का क्षीण करने वाले लोगों को चिन्हित करें और ऐसे लोंगों की सूची जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को दें। विशिष्ट अतिथि संयुक्त बार एसोसियेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने पत्रकारिता की शुचिता बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहाकि अकेले प्रयास करें, कारंवा बनता जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार केशव अग्रवाल और इस्लामुद्दीन खान को जिलाधिकारी ने प्रेस क्लब की ओर से दोशाला ओढाकर और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। क्लब के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री और महामंत्री वैभव शुक्ला ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी और विशिष्ट अतिथि प्रभागीय वना. धिकारी मनीष सिंह, तथा संयुक्त बार के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट को प्रेस क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किये। जिलाधिकारी ने प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुमित सक्सेना ने तथा आभार प्रदर्शन क्लब के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर नवीन अग्रवाल, वजाहत खां, विकल्प सिंह विक्की, गिरजाशंकर त्रिवेदी, साकेत सक्सेना, सौरभ पांडेय, सैयद परवेज, विकास दीक्षित, सौरभ सिंह, विक्रांत शर्मा, सृजित अवस्थी, सुनील यादव, मुनीराज सिंह, प्रियांशु सक्सेना शुभम मिश्र, सौरभ सिंह, विवेक अवस्थी, सुमित गुप्ता, जावेद शेख और तारिक नैयर उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी पर महिला की हत्या करने वाले युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गुरुवार को खेत पर नशा कर रहे युवकों को रोकना महिला को भारी पड़ गया नशे की हालत में युवकों ने महिला की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी थी शुक्रवार को दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुखविर की सूचना पर थाना पूरनपुर पुलिस ने मामूली कहासुनी पर महिला की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले अमित पुत्र दीनदयाल व बल्लू पुत्र बाबू उर्फ गब्बर निवासी हबीबगंज गौटिया कस्बा व थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत को शेरपुर आसाम रोड तिराहे के पास से शुक्रवार सुबह 5 बजे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की निशानद. ही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल (चाकू) व अभियुक्त अमित द्वारा घटना कारित करते समय पहनी शर्ट रक्त रंजित को बरामद किया गया। घटना का खुलासा दोपहर को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया।

## माता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद में आयोजित हुआ सम्मेलन







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कृष्ण गुप्ता (एड.) संयोजक नमामि गंगे बृज क्षेत्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य महिला वक्ता के रूप में डॉ. दलजीत कौर अध्यक्ष जिला पंचायत पीलीभीत भी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान ने किया तथा कार्यक्रम में सकुशल व अद्भुत संचालन नवनीत मिश्रा ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कृष्ण गुप्ता एड. संयोजक नमामि गंगे बृज क्षेत्र ने अपने संबा. धन में अहिल्याबाई होल्कर के न्यायप्रिय शासन, सामाजिक सुधारों और महिला सश. क्तिकरण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। यदि चाहें तो देश की हर बेटी उनके आदर्शों पर चलकर अहिल्याबाई बन सकती हैं। डॉ.दलजीत कौर अध्यक्ष जिला पंचायत पीलीभीत ने भी उनके कार्यों को याद करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने माता अहिल्याबाई होल्कर के लोक कल्याण से जुड़े कार्यों व उदाहरणों को याद किया। इसके अलावा कार्यक्रम में मौजूद अन्य

# एनयूजेआई व ब्रज प्रेस क्लब द्वारा मनाया गया पत्रकारिता दिवस समारोह संपन्न

मथुरा। गणेश शंकर विद्यार्थी की याद में शुक्रवार को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया एवं ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 33 वां पत्रकारिता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आए राजनीति, धार्मिक, पत्रकार जगत से जुड़े विशिष्ट लोगों द्वारा वर्तमान पत्रकारों की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जगत गुरू शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज, भाजपा के राष्ट्रीय महासि. चव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, विधायक पूरन प्रकाश, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह द्वारा मां सरस्वती के छवि चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।





इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने कहा कि पत्रकारों के हित में केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। कोरोना काल में भी प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पत्रकारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करते हैं। समाज के सामने सच को उजागर करना पत्रकार का अहम दायित्व है और समाज उनसे इसकी अपेक्षा भी करता है। पत्रकारों को फेक न्यूज से भी बचना चाहिए। किसी समाज व राष्ट्र विरोधी खबर की जब तक सत्यता की पुष्टि न हो तब तक फेक न्यूज को वायरल नहीं करना चाहिए।

विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। वह गर्मी, सर्दी, बरसात सभी मौसमों में अपने धर्म को निभाते हुए हम सभी को घटना स्थल की यथास्थिति से अवगत कराते हैं।

एमएलसी ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि पत्रकार किसी समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है। ब्रज प्रेस अध्यक्ष डॉ.कमलकान्त उपमन्यु के आग्रह पर महापौर ने मथुरा में एक मार्ग को दिवंगत पत्रकार स्व. अनन्त स्वरूप वाजपेयी देशभक्त के नाम पर करने का ऐलान किया।

एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि समय के साथ हर क्षेत्र में बदलाव आया है। मीडिया में भी वर्तमान में बहुत सारी चुनौतियां हैं उन पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। आज पत्रकारिता पूंजीपतियों के हाथ में पहुंच गई है जिससे पत्रकारों का शोषण हो रहा है। उनका कहना था कि पत्रकारों को उनकी मेहनत के हिंसाब से मानदेय दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम को उ.प्र. सरकार के पूर्व प्रमुख सचिव देवदत्त शर्मा आईएएस, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर उर्फ राजू यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गोलेश स्वामी आदि ने भी संबोधित किया।

एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकान्त उपमन्यु ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार अनूप शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के सचिव शिव कुमार लवानियां, जिला सूचनाधिकारी प्रशांत सुचारी, उद्योगपति पवन चतुर्वेदी, विश्व हिन्दू परिषद के महानगर अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, विहिप जिलाध्यक्ष रनवीर कमान्डो, भाजपा ब्रज क्षेत्र के महामंत्री नागेन्द्र सिकरवार, भाजपा नेता प्रदीप गोस्वामी, संजय शर्मा, संजय गो. विल, बार के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, ठा. राजेन्द्र सिंह, तरूण प्रकाश, चंकी गौतम, भूपेश अग्रवाल, श्याम सिंघल, समाजसेवी मनोज शर्मा बॉबी भैया, चिंताहरण चतुर्वेदी, राया के पूर्व चेयरमैन राक. श शर्मा, अमर उजाला के जिला प्रभारी अमित मुदगल, दैनिक जागरण के जिला प्रभारी विनीत मिश्रा, हिन्दुस्तान के जिला प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार सीपी सिंह सिकरवार, मदन गोपाल शर्मा, अमरेन्द्र गुप्ता, ठा.प्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, पवन गौतम, मुकुल गौतम, गोविन्द भारद्वाज, रामगोपाल चौधरी, राजेश भाटिया, मोहन श्याम रावत, नागेन्द्र राठौर, नवनीत शर्मा, रामकुमार रौतेला, कन्हैया उपाध्याय, गिरधारी लाल श्रोत्रिय, ऋषि भारद्वाज, डा. विवेक प्रिय आर्य, मनीष सक्सेना, सोनू व्यास, भूपेश अग्रवाल, परीक्षित कौशिक, दिनेश तरकर, नारायण सिसौदिया, राजकुमार तौमर, गिरधर पचौरी, कृष्णा शर्मा, सुशील चौधरी, शिवांगी चौधरी, असफाक चौधरी, उमर कुरैशी, फैसल कुरैशी, देवेन्द्र गोस्वामी, दिनेश तरकर, सौरभ गौतम, गिरीश ठाकुर, परवेज अहमद, श्याम जोशी, सुरेश सैनी, सुरेश पचहेरा, कासिम खान, अनिल अग्रवाल, विष्णु गुप्ता, विष्णु शर्मा, माधुरी बंसल, सुनील कुमार, महेश मीणा, सतीश कुमार, पटू सिंह, अंत. राम, अनिल शर्मा, बी.एल. पांडेय, राजू पंडित, चन्द्रमोहन दीक्षित, बॉबी जादौन, निकिता शर्मा, कृष्णा गुप्ता, गिरीश कुमार, के.के. अरोड़ा, अजय शर्मा, योगेश तिवारी, ममता भारद्वाज, सरोज शर्मा, छाया गौतम, गीता दिवाकर, बिनीता द्विवेदी, पिंकी द्विवेदी, सरोज गोला, सतीश शर्मा, विनोद दीक्षित, दिनेश कौशिक, महेन्द्र प्रताप एडवोकेट, सौरभ गुप्ता एडवोकेट, रेखा यादव एडवोकेट, सुधांशु खंडेलवाल, इकरार अली, राहुल शर्मा, मनोज वार्ष्णेय, धनीराम खंडेलवाल, भोलेश्वर उपमन्यु, चन्द्रपाल सिंह पौनिया, रामप्रसाद सिंह, वीरेन्द्र चौधरी, सुशील गौतम आदि उपस्थित रहे।

## संस्कृति के छात्र ने कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड





eFkjkA मथुरा में हुई यूपी स्टेट कराटे चौंपियनशिप में विभिन्न जिलों से सेंकड़ों खिलाडियों ने भाग लिया. दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मथुरा जिले से 51 खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रतियोगिता में मथुरा जिले के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले संस्कृति विश्विद्यालय के छात्र दिव्यम सिंह ने गोल्ड मेडल जीत कर अपने विश्विद्यालय का नाम रौशन किया. बताते चलें कि दिव्यम संस्कृति विश्विद्यालय में संस्कृति स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग का छात्र है। दिव्यम के इस शानदार प्रदर्शन पर फैशन डिजाइनिंग की शिक्षिका शिल्पा सहित विवि के सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## जमीनी विवाद हुआ झगडा मां-बेटी घायल

eFkjkA दो पक्षों में चल रहे जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने दूसरे पक्ष की महिलाओं को घर पर अकेला देख जानलेवा हमला बोल दिया।

जिसमें मां बेटी बुरी तरह घायल हो गई। लहूलुहान हालत में कोतवाली पहुंची मां बेटी को पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया है। वही घायल महिला के पति ने नामजदों के विरुद्ध तहरीर दी है।पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली पहुंचे घायल महिला के पति भगवान ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह काम पर गया हुआ था। तभी पीछे से उसके भाई व भतीजों ने एक राय होकर उसकी पत्नी व बच्चों पर लाठी डंडे व हथौड़े से हमला बोल दिया। जिससे उसकी पत्नी विशाखा व बेटी माया के गंभीर चोटे आई है। पीड़ित के अनुसार उक्त लोगों ने जमीनी विवाद को लेकर उसकी पत्नी व बेटी के साथ मारपीट की है।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## अच्छा कार्य करने वाले 30 समूहों को किया गया सम्मानित

**मथुरा।** ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में जनपद स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को संबोधित करते हुए विधायक बलदेव पूरन प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंसा है कि मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान करके उनको आत्म निर्भर बनाना है। इसलिए केन्द्र व राज्य सरकार ने महिला कल्याण की योजनाएं चला रखी हैं। कार्यक्रम में उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पांडेय ने ग्राम्य विकास अंतर्गत मनरेगा,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं विभिन्न वीडियो के माध्यम से कराये जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया। महापौर विनोद अग्रवाल ने महिलाओं से कहा कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाते हुए आत्म निर्भर बने और राज्य व देश के विकास में योगदान दें। इस अवसर पर विधायक पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा व सीडीओ मनीष मीना ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाली 30 समूह सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला

## मण्डी समिति के चपरासी राकेश पर गिरी गाज निरीक्षक को निलम्बित नहीं किए जाने से व्यापारियों में आक्रोश, दी आन्दोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जेवर।** व्यापारियों से अवैध उगाही कराने के मामले में विभागीय अधिकारियों द्वारा आरोपी मण्डी निरीक्षक के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं किए जाने तथा सभी आरोपों की जिम्मेदारी चपरासी राकेश कुमार पर ही थोप कर उसका निलम्बन किए जाने से गल्ला मण्डी व्यापार संघ के कार्यकर्ताओं में कृषि उत्पादन मण्डी समिति के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ भारी आक्रोश पनपता जा रहा है गल्ला मण्डी व्यापार संघ के लोगों ने मण्डी निरीक्षक के खिलाफ उचित कार्यवाही किए जाने की मांग उठाते हुए कार्यवाही नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। गल्ला मण्डी व्यापार संघ के संरक्षक कुलदीप पंण्डित अध्यक्ष जैनेन्द्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी चपरासी राकेश कुमार के विरूद्ध निलम्बन सहित कई तरह की कार्यवाहियां की गयीं हैं। मगर जिस अधिकारी द्वारा उक्त चपरासी माध्यम से व्यापारियों से अवैध उगाही कराई जा रही थी उस अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई मात्र उनका जेवर से जहाँगीरपुर के लिए तबादला कर कार्यवाही के नाम पर इतिश्री की गई है। गल्ला मण्डी व्यापार संघ के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी भर स्वर में बोलते हुए कहा कि अगर वरिष्ट अधिकारियों द्वारा जल्दी ही भ्रष्ट रिश्वतखोर मण्डी निरीक्षक नरेश कुमार के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो गल्ला मण्डी व्यापार संघ कृषि उत्पादन मण्डी समिति के अधिकारियों के खिलाफ आन्दोलन करने को विवश होगी।

## दो माह का वेतन दिए जाने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**मसवासी/रामपुर।** दड़ियाल नगर के सफाई कर्मचारियों का दो महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी परेशान हाल है। सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर बाबू के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर वेतन दिए जाने की मांग की। गुरुवार को माह अप्रैल व मई दो माह के वेतन के भुगतान को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष रावत वाल्मीकि के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी नगर पंचायत कार्यालय पर



एकत्र हुए। नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक कृष्णा बाबू को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि नगर के सफाई कर्मचारियो के दो माह का वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। रावत वाल्मीकि ने कहा कि नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी के न होने का बहाना बनाकर सफाई कर्मचारीयों को दो माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे सफाई कर्मचारियो के परिवारो को पालन पोषण करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों के बच्चों की समय से स्कूल की फीस आदि भी जमा नहीं हो पा रही है। सफाई कर्मचारियों की आर्थिक तंगी हो रही है। अगर जल्द सफाईकर्मचारीयों को दो माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो सफाई कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था ठप करने को बाध्य होंगे धरना प्रदर्शन में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के सचिव राकेश वाल्मीकि आदि रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।




● एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# अविनाश साबले ने रचा इतिहास

## 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, 18 साल की पूजा ने भी जीता सोना

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8. 20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया।

वहीं, 18 साल की पूजा ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने 1.89 मीटर की छलांग लगाई। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस प्रतियोगिता में अविनाश से पहले भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इसके अलावा, पूजा से पहले बाबी एलायसियस ने 2000 में गोल्ड जीता था। साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था। ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था। भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग काम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पाइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रान्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4x400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था। नेशनल रिकॉर्ड होल्डर गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में गोल्ड जीता। यह इस एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का पहला गोल्ड था। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर में 4 मिनट 10 सेकेंड का समय लेकर एक और सिल्वर मेडल जीता। वहीं दिल्ली की लिली दास इस रेस में चौथे स्थान पर रही। चीन की ली चुनहुई ने स्वर्ण पदक जीता।



## आईपीएल के फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे कोहली-डिविलियर्स

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल 2025 में रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के फाइनल में पहुंचने से एबी डिविलियर्स बेहद खुश हैं। उन्होंने विराट कोहली और इस टीम की जमकर तारीफ की है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को क्वालिफायर एक में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना है कि टीम मैन कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए आरसीबी को दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुक.ाबले में धमाल मचाएगा। डिविलियर्स ने कहा, श्इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनका बाडी लैंग्वेज सकारात्मक दिख रहा था। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह इस मैच में रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा। आरसीबी 2008 में आठ फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरुआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा कि मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। आरसीबी अब कहां है? एक और फाइनल में (2025)। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है।

### खेल विशेष

## आरसीए ने जिला क्रिकेट संघ को असम्बद्ध घोषित किया

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने अनुशासनहीनता के आरोप में जिला क्रिकेट संघ बीकानेर (डीसीए) को राजस्थान क्रिकेट संघ से असम्बद्ध घोषित कर दिया है। आरसीए के संयोजक जयदीप बिहाणी ने शुक्रवार को बताया कि डीसीए, बीकानेर के खिलाफ चुनाव और वित्तीय अनियमितता की शिकायतें थीं। इस मामले में आरसीए ने राजस्थान क्रीड़ा अधि.नियम के तहत डीसीए, बीकानेर से जानकारी मांगी गई थी, लेकिन डीसीए बीकानेर ने इस पर किसी तरह का जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर को कई पत्र भेजे गए, लेकिन उसने असहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए किसी पत्र का जवाब नहीं दिया। साथ ही डीसीए ने आरसीए की तदर्थ समिति की शक्तियों को मानने से ही इन्कार कर दिया, जबकि तदर्थ समिति को राजस्थान क्रीड़ा अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार की जांच के लिये शक्तियां प्राप्त हैं। श्री बिहाणी ने बताया कि गत 10 मई को डीसीए बीकानेर को पत्र भेजकर सात दिन में जवाब देने को कहा गया, जिसकी अनदेखी करने पर 19 और 27 मई को फिर पत्र भेजकर चेतावनी दी गयी। अटठाइस मई तक जवाब नहीं मिला, तो 29 मई को डीसीए बीक.ानेर को आरसीए से असम्बद्ध करने का निर्णय किया गया और इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर के रतनसिंह शेखावत को पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि डीसीए, बीकानेर को आरसीए से असम्बद्ध करके इस मामले को लोकपाल, राजस्थान क्रिकेट संघ को प्रेषित किया गया है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली से हारी

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को 2-2 से बराबरी के बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए चार देशों के टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में भारत के लिए सुखवीर कौर ने (35वें) और कनिका सिवाच ने (47वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से जैसिंटा सोलारी ने (27वें) और कैप्टन लॉरा मुलर ने (42वें) मिनट में गोल किए। चिली ने दूसरे क्वार्टर में जैसिंटा सोलारी के 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर द्वारा किए गए गोल से बढ़त बनाई। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चिली ने 42वें मिनट में कप्तान लौरा मुलर के मैदानी गोल से फिर बढ़त हासिल की लेकिन भारत ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत जोरदार तरीके से की और कनिका सिवाच ने 47वें मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया। नियमित समय पर स्कोर 2-2 से बराबर रहने पर मैच शूटआउट हुआ। जहां चिली ने 3-1 से जीत दर्ज की। चिली के लिए जोसेफिना कॉन्स्टैंजा गुटिरेज, इसाबेल लियोनोर मेसेन और त्रिनिदाद एंटोनिया बैरियोस ने गोल किए, जबकि शूटआउट में भारत के लिए सोनम एकमात्र स्कोरर रहीं।

## पुणे, कोलकाता, जयपुर ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुणे जगुआर, कोलकाता थंडरब्लेड्स और जयपुर पैट्रियट्स ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की है। जगुआर के अथर्व नवरंग ने लड़कों के एकल मुकाबले में प्रतीक तुलसानी के खिलाफ पहला मैच 2-1 (11-8, 11-10, 9-11) से जीतकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद यू मुंबा ने मिश्रित युगल मुकाबला में 2-1 से जीत दर्ज करके वापसी की। प्रतीक और अनन्या मुरलीधरन की जोड़ी ने अथर्व और तुष्टि सूद (11-6, 8-10, 11-6) को हराया। लड़कियों के एकल वर्ग के रोमांचक मुकाबले में जगुआर की तुष्टि ने अनन्या के खिलाफ एक रोमांचक मैच में 2-1 (11-10, 7-11, 11-10) से जीत हासिल की और अपनी टीम को नाटकीय जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में, कोलकाता ने अहमदाबाद एसजी पर 5-4 से जीत दर्ज की। कोल.काता के रित्विक गुप्ता ने लड़कों के एकल वर्ग के मुकाबले में अभिक कश्यप को 3-0 (11-9, 11-6, 11-3) से हराया। मिश्रित युगल मुकाबले में अहमदाबाद विजयी हुआ, जब अभिक और मौबोनी ने रित्विक और स्वरा के खिलाफ 2-1 (11-7, 11-6, 10-11) से जीत हासिल की। लड़कियों के एकल वर्ग में मौबोनी ने स्वरा को 2-1 (11-9, 8-11, 11-5) से हराया। दिन के तीसरे मुकाबले में जयपुर ने दबंग दिल्ली को 6-3 से हराया। लड़कों के एकल मुकाबले में पैट्रियट्स के त्रिशाल को आकाश के खिलाफ 1-2 (9-11, 11-9, 7-11) से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन जयपुर की टीम ने मिश्रित युगल मैच में 2-1 (11-4, 11-9, 8-11) की जीत के साथ शानदार वापसी की।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करेंगे अर्शदीप: रिकी पोंटिंग



**चयनकर्ताओं ने बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करके सही फैसला लिया**

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम में जगह दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईपीएल में पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि अर्शदीप इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करने में सफल रहेंगे। अर्शदीप को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गई है। अब तक वह भारत के लिए सीमित ओवर प्रारूप में ही खेलते दिखे हैं और माना जा रहा है कि अर्शदीप को इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल होने का मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स में अर्शदीप के प्रदर्शन को करीब से देखने के बाद पोंटिंग को लगता है कि चयनकर्ताओं ने जसप्रीत बुम.राह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के तेज गेंदबाजी आक्रमण में बाएं हाथ के इस गेंदबाज को शामिल करके सही फैसला लिया है। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि अर्शदीप खेलेगा। वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में खेलेगा। मुझे लगता है कि बुमराह और सिराज से साथ इंग्लैंड में बाएं हाथ के विकल्प का होना शानदार होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखें तो अर्शदीप जिस तरह से गेंदबाजी करते हैं, वह किसी भी अन्य गेंदबाज की तरह ही सीम को बेहतर तरीके इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने उसे टीम में चुना है। मुझे लगता है कि वह इंग्लैंड पहला टेस्ट खेल सकता है और वह किसी को निराश नहीं करेगा।

## पीएम ने की वैभव सूर्यवंशी की हौसलाअफजाई

**पटना, वार्ता।** बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के युवा स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनकी हौसलाअफजाई की। पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अढे पर हुई इस मुलाकात के दौरान वैभव के साथ के माता-पिता भी थे। श्री मोदी ने स्वयं वैभव तथा उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की हैं। श्री मोदी ने वैभव और उनके परिवार के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि पटना हवाई अढे पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है।

## डी गुकेश ने कारूआना को हराया



**नोर्वे, वार्ता।** विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारूआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत दर्ज की। वहीं अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। चौथे

**अर्जन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा**

चक्र में गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फैबियानो कारूआना को हराया। गुकेश के शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन के आगे कारूआना अपनी बढ़त को नहीं भुना पाये। इसके बाद गुकेश ने 'आर्मागेडन' में मुकाबला आसानी से जीत लिया। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुकेश और एरिगैसी 4-5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर- वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को हराया। विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में



**सिंगापुर, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को मलेशिया की गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की जोड़ी को हराकर सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां 39 मिनट तक चले पुरुष युगल मुकाबले में सात्विक और चिराग की जोड़ी दुनिया की नम्बर वन मलेशियाई जोड़ी गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन को सीधे सेटों में 21-17, 21-15 से हराया। गेम की शुरुआत से ही दोनों

**भारतीय जोड़ी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया**

जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 7-7 से बराबरी पर था। इसके बाद सात्विक-चिराग ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाते हुए मैच पर अपनी पकड़ बनानी शुरु की अब स्कोर 12-8 से अपने पक्ष में कर लिया। इस बीच मलेशियाई जोड़ी ने भी कुछ अंक बटोरे और स्कोर के अंतर को कम करते हुए इसे 16-15 कर दिया। इसके बाद भारतीय जोघी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और स्कोर 5-5 से बराबरी पर चल रहा था। सात्विक और चिराग फिर अच्छे खेला प्रदर्शन करते हुए मिड गेम ब्रेक तक 11-7 की अहम बढ़त बनाई इसके बाद सात्विक और चिराग शेट्टी ने इस गेम को 21-15 से जीतकर मैच जीत लिया। सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल में मुकाबला दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से होगा।

## मुंबई ने गुजरात को 229 रनों का लक्ष्य दिया

**प्रसिद्ध, किशोर को दो-दो विकेट, हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली**



**मुल्लांपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच में रोहित शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस के सामने 229 रन का लक्ष्य रखा है। न्यू चंडीगढ़ में खेले जा रहे एलिमिनेटर मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। उनके लिए हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली। वहीं, गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने दो-दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज को एक सफलता मिली। रो.हित शर्मा और जानी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने मुंबई को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने इस मैच में डेब्यू करने वाले बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रो.हित को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला। दोनों ने 34 गेंदों में 59 रन जोड़े। इस दौरान सूर्यकुमार ने 20 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे कर लिए। वह आईपीएल में 300 छक्के का आंकड़ा छूने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गए। अब उनके नाम 302' छक्के दर्ज हो गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है। हिटमैन ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 43 रन जोड़े। पूर्व कप्तान 50 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के की मदद से 81 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, तिलक 11 गेंदों में 25 और नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांडञा नौ गेंदों में तीन छक्के की मदद से 22 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि सैंटनर बिना खाता खोले नाबाद रहे। नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक का साथ देने मिचेल सेंटनर आए हैं। तिलक वर्मा 11 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक पांडञा का साथ देने नमन धीर आए हैं। रोहित शर्मा 81 रन बनाकर आउट हो गए।

## इंग्लैंड ने विंडीज को रिकॉर्ड 238 रनों से हराया

**बर्मिंघम, वार्ता।** जेकब बेथेल (82),बेन डकेट (60), कप्तान हैरी ब्रूक (57) और जो रूट (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड की पुरुष एकदिवसीय में रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैच में 82 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के जैकब बेथेल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। एजबेस्टन स्टेडियम में गुरुवार रात खेले मुक.ाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट सलामी जोड़ी ने अच्छु

**जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद ने तीन-तीन विकेट लिए**

शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने जेमी स्मिथ (37) को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद इंग्लैंड का जो भी बल्लेबाज क्रीज पर उतरा उसने तेजी के साथ रन बटोरे।

बेथेल ने 82 रन की पारी खेली और एक विकेट भी लिया। बेन डकेट (60), जो रूट (57), कप्तान हैरी ब्रूक (58) ने शानदार अर्द्धशतकीय पारियां खेली। इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 400 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विंडीज की ओर से जायडेन सील्स ने सबसे ज्यादा चार विकेट चटकाए।

# सम्पादकीय

शनिवार, 31 मई 2025

## इज़रायल की सहमति

गाजा में अस्थाई युद्ध विराम को लेकर अमेरिका की कोशिशें रंग लाती दिखाई दे रही हैं। अमेरिका का कहना है कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम का प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है। बड़ी बात यह है कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए। न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जोकि एक इजरायली अधिकारी और अमेरिकी सूत्र से इस बात की पुष्टि की है कि नए प्रस्ताव के अनुसार 60 दिवसीय युद्ध विराम तो शामिल है ही, इसमें दस जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों को रिहा करने की बात भी कही गई है। हमास की तरफ से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया खुलकर नहीं आई है। इतना जरूर कहा गया है कि हमास के नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने यह भी कहा कि उसकी पूरी कोशिश है कि उनके लोगों के हितों की पूर्ति हो, उनको राहत मिले और गाजा पट्टी पर स्थाई युद्ध विराम हो। अमेरिका पिछले कुछ दिनों से इस बात के भी प्रयास कर रहा है कि इजरायल और हमास के बीच अस्थाई सीजफायर कराया जा सके। उस पर सऊदी अरब और कतर जैसे मित्र देशों का दबाव भी पड़ रहा था। कुछ दिन पूर्व जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कतर और सऊदी के दौरे पर आए थे। तब से इस संबंध में बातें हो रही हैं। पहले जो डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रस्ताव इजरायल के सामने रखा था उस पर इजरायल नानुकुर कर रहा था। जबकि हमास तैयार हो गया था। अब कहा जा रहा है कि इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास को सौंपने से पूर्व ही हस्ताक्षर कर दिए, तो जाहिर है नया प्रस्ताव इजरायल के अनुकूल हो सकता है और उसमें कुछ ऐसी शर्तें हो सकती हैं जो हमास को पसंद न आएं। अभी ठीक से तो नहीं कहा जा सकता कि यह सीजफायर कब लागू होगा, होगा भी या नहीं, लेकिन हां यह तो कहा ही जा सकता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीजफायर को लेकर पहले से कहीं ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहे हैं और वह इजरायल पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते भी दिखाई दे रहे हैं। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा कर पाने में सफल रहे, तो निश्चित रूप से यह उनके लिए भी बड़ी उपलब्धि साबित हो सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय गाजा के हालात बेहद खराब हैं। 60 हजार से अधिक लोग इस युद्ध में अपनी जान गवा चुके हैं और यह जान बराबर जा रही हैं। कोई दिन नहीं होता, जब वहां से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की खबरें नहीं आती। दुख की बात यह है कि इन मरने वालों में अधिकतर बच्चे व महिलाएं होती हैं। इजरायल ने तमाम तरह की राहत के रास्ते बंद रखे हैं। जिससे लाखों लोग भूख से मरने की कगार पर पहुंच गए हैं।

### आज पूरे देश में गर्व की भावना



आतंकियों और भारतीय सांसदों की तुलना शर्मनाक कृत्य है, जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे घूमने नहीं गए, वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं, राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है और उसमें संकोच नहीं करता, आज पूरे देश में गर्व की भावना है, हर नागरिक भारत की सेना को सलाम कर रहा है, ज लोगों के भीतर देशभक्ति की भावना चरम पर है, पर कुछ राजनीतिक दल, विशेषकर कांग्रेस पार्टी, ऐसी स्थिति में भी राजनीति करने से नहीं चूकी।

**-संबित पात्रा, प्रवक्ता एवं सांसद, भाजपा**

## चिकित्सा जगत की असाधारण खोज

# यूनिवर्सल एंटीवेनम



एंटीवेनम विकसित करने वाले टिम फराइडे अपनी टीम के साथ



एम. इमरान

विश्व में सांपों के काटने से होने वाली मृत्यु और विकलांगता एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, विशेष रूप से एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में। सांपों के विष के प्रभाव को कम करने के लिए एंटीवेनम यानि विषरोधी सीरम का उपयोग किया जाता है, लेकिन पारंपरिक एंटीवेनम के निर्माण और प्रभावशीलता से संबंधित कई सीमाएं हैं। इन सीमाओं को देखते हुए वैज्ञानिकों ने एक नया और क्रांतिकारी तरीका विकसित किया है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम, जिसे एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से तैयार किया गया है। यह विधि न केवल अधिक प्रभावी है, बल्कि कई प्रकार के सांपों के विष पर भी काम कर सकती है, जिससे यह एक यूनिवर्सल एंटीवेनम के रूप में उभर रहा है।

पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर घोड़े या भैंस जैसे जानवरों को विष देकर उनके शरीर में उत्पन्न हुए एंटीबॉडीज से तैयार किया जाता है। इसके कई नकारात्मक पहलू हैं जैसे एलर्जिक रिएक्शन, सीमित प्रभावशीलता, भंडारण की समस्याएं और क्षेत्रीय विषों के अनुसार भिन्न-भिन्न एंटीवेनम की आवश्यकता। इसके अतिरिक्त, इन एंटीवेनम का उत्पादन महंगा और समय-साध्य होता है, चूंकि अलग-अलग सांपों का विष संरचना में काफी भिन्न होता है, इसलिए कोई एक एंटीवेनम सभी पर असर नहीं करता। इसलिए वैज्ञानिक समुदाय के सामने यह चुनौती रही है कि एक ऐसा उपचार तैयार किया जाए जो विश्व स्तर पर विभिन्न सांपों के विषों पर प्रभावी हो।

इसी चुनौती का समाधान एक असाधारण खोज के रूप में सामने आया, जब एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली से प्राप्त एंटीबॉडीज का उपयोग कर एक नया प्रकार का एंटीवेनम विकसित किया गया। यह व्यक्ति दुनियाभर के विभिन्न विषैले सांपों के विष के प्रति बार-बार प्रतिरक्षित किया गया था और उसके शरीर में एक अत्यंत शक्तिशाली और विविध प्रतिपिंड प्रतिक्रिया विकसित हो चुकी थी। वैज्ञानिकों ने इस व्यक्ति के रक्त से प्राप्त B कोशिकाओं B-cells को प्रयोगशाला में विश्लेषण किया और उनमें से ऐसे एंटीबॉडीज की पहचान की जो विभिन्न सांपों के विषों को निष्क्रिय करने में सक्षम थे। इन चयनित एंटीबॉडीज को बायोटेक्नोलॉजी की सहायता से कृत्रिम रूप से बड़ी मात्रा में उत्पादित किया गया। इन्हें मानव एंटीबॉडीज में परिवर्तित करके एक ऐसी थेरेपी बनाई गई जो शरीर में विष के विभिन्न घटकों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय कर सकती है।

यह एंटीवेनम न केवल प्रभावी था, बल्कि सुरक्षित भी था, क्योंकि यह मानव एंटीबॉडीज से बना था और इसके कारण पारंपरिक एंटीवेनम की तरह एलर्जिक प्रतिक्रियाओं की संभावना भी बहुत कम थी। इस शोध का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह था कि इन एंटीबॉडीज की संरचना इस प्रकार डिजाइन की गई कि वे विष के केवल एक ही नहीं बल्कि कई विषाक्त अणुओं से जुड़ सकें। सांपों के विष में कई प्रकार के प्रोटीन और एंजाइम होते हैं जैसे फॉस्फोलाइपेस, मेटालोप्रोटीज और न्यूरोटॉक्सिन्स, जो विभिन्न प्रकार से शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। यह यूनिवर्सल एंटीवेनम इन सभी प्रकार के विषाक्त तत्वों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम है। इसकी तुलना में पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर कुछ विशेष विष प्रोटीनों पर ही असर करता है।

इस तकनीक की विशेषता यह भी है कि यह एक ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण करती है जिसमें भविष्य में अन्य जानलेवा विषों जैसे मकड़ी, बिच्छू या समुद्री जीवों के विष के विरुद्ध भी समान प्रकार की थेरेपी विकसित की जा सकती है। इस खोज ने विषरोधी चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा स्थापित की है, जहां अब जानवरों पर निर्भर हुए बिना मानव-केन्द्रित, सुरक्षित और अधिक प्रभावी उपचार उपलब्ध हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इस नए एंटीवेनम का परीक्षण प्री-क्लीनिकल स्तर पर चूहों और अन्य जानवरों पर किया और देखा गया कि यह विभिन्न प्रकार के विषों जैसे भारत के करैत, रसेल वाइपर, कोबरा और अफ्रीका के ब्लैक मम्बा आदि पर प्रभावी था। जहां पारंपरिक एंटीवेनम केवल कुछ विशेष सांपों के लिए ही उपयुक्त होते हैं, यह यूनिवर्सल एंटीवेनम कई भिन्न प्रकार के विषों पर भी सफलतापूर्वक कार्य करता है। इसके कारण न केवल मरीज की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है, बल्कि स्थानीय अस्पतालों और ग्रामीण क्षेत्रों में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी आसान हो जाता है, क्योंकि अब अलग-अलग प्रकार के विषों के लिए अलग-अलग सीरम रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस शोध की सफलता के पीछे अत्याधुनिक तकनीकों का भी विशेष योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और प्रोटीन इंजीनियरिंग की सहायता से विष के अणुओं की संरचना का बारीकी से अध्ययन किया, जिससे यह समझने में मदद मिली कि कौन से एंटीबॉडीज किस प्रकार से विष प्रोटीन से जुड़ते हैं और उसे निष्क्रिय करते हैं। इसके आधार पर उन्होंने ब्रॉडली न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडीज का चयन किया और उन्हें जेनेटिक रूप से तैयार किया, जिससे उनकी स्थिरता, शक्ति और कार्यक्षमता को और बढ़ाया जा सका। एक और महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू यह है कि यूनिवर्सल एंटीवेनम का निर्माण सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी आर्थिक और नैतिक उपलब्धि भी है। हर वर्ष दुनिया भर में हर साल लगभग 1.38 करोड़ लोगों को सांप काटते हैं, जिनमें से लगभग 1 लाख से अधिक मौतें होती हैं और कई लाख लोग स्थाई विकलांगता का शिकार होते हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं जहां चिकित्सा सुविधाएं सीमित होती हैं और समय पर प्रभावी एंटीवेनम न मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम की उपलब्धता इन समस्याओं का समाधान कर सकती है। इस प्रोजेक्ट की सफलता का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि इसमें बहु-देशीय सहयोग और विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों की सहभागिता रही। अमेरिका, भारत, अफ्रीका और यूरोप के विषविज्ञानी, इम्यूनोलॉजिस्ट और जैवप्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने मिलकर इस परियोजना को अंजाम दिया।

इस तरह के वैश्विक सहयोग से न केवल अनुसंधान में तीव्रता आई, बल्कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के सांपों के विष पर कार्य करने का अवसर भी मिला, जिससे यह एंटीवेनम वास्तव में यूनिवर्सल बन पाया। अब जब यह एंटीवेनम क्लिनिकल ट्रायल्स की ओर बढ़ रहा है, वैज्ञानिकों और चिकित्सा संगठनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इलाज आम जनता तक सुलभ मूल्य पर पहुंच सके। यदि यह केवल महंगे निजी अस्पतालों तक सीमित रह गया, तो इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके लिए सरकारों, NGO और वैश्विक स्वास्थ्य संस्थानों को मिलकर रणनीति बनानी होगी ताकि इस जीवनरक्षक उपचार को गरीब और दूरदराज के क्षेत्रों में भी सुलभ बनाया जा सके। इस खोज ने न केवल सांप के विष के इलाज में एक क्रांति लाई है, बल्कि यह भी दिखाया है कि यदि विज्ञान और तकनीक को मानव कल्याण की दिशा में उपयोग किया जाए, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। एक अकेले हाइपर-इम्यून व्यक्ति के शरीर में मौजूद एंटीबॉडीज ने लाखों जानें बचाने की संभावनाओं को जन्म दिया है। यह एक ऐसा उदाहरण है जो दिखाता है कि मानव शरीर और विज्ञान की सामूहिक शक्ति मिलकर कितने बड़े परिवर्तन ला सकती है। भविष्य में, जैसे-जैसे इस तकनीक को और परिष्कृत किया जाएगा, यह संभव है कि न केवल सांपों के विष का बल्कि अन्य प्रकार के टॉक्सिन्स और जैविक हथियारों के विरुद्ध भी ऐसे एंटीबॉडीज विकसित किए जा सकें। एक ऐसा युग आने वाला है जहां यूनिवर्सल इम्यून थेरेपी का विचार केवल कल्पना नहीं बल्कि एक वास्तविकता बन सकेगा। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से विकसित यह यूनिवर्सल एंटीवेनम एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने न केवल विष चिकित्सा के क्षेत्र में नई दिशा दी है, बल्कि विज्ञान की शक्ति और मानवता के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी सिद्ध किया है। इस उपलब्धि से भविष्य की कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और एक सुरक्षित, विष-मुक्त समाज की नींव रखी जा सकती है।

## धोखेबाज कंपनियों के चलते ग्राहक परेशान

**उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को और सशक्त करने की आवश्यकता है, ताकि ग्राहकों को रिफंड और मुआवजे के लिए लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से न गुजरना पड़े। इस स्थिति को सुधारने के लिए, कंपनियों को अपनी वित्तीय प्रथाओं में पारदर्शिता लानी होगी और नियामक निकायों को कड़े कदम उठाने होंगे। जब तक ऐसा नहीं होता, ग्राहकों और ऐसी कंपनियों से जुड़े अन्य लोगों का विश्वास जीतना इन कंपनियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।**



रजनीश कपूर

भारत का कैब उद्योग, जो कुछ वर्षों पहले तक तकनीकी नवाचार और सुविधा का प्रतीक माना जाता था, आज गंभीर विवादों और वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में है। ब्लूस्मार्ट और ओला जैसी प्रमुख कंपनियों पर लगे धोखाधड़ी और कर चोरी के आरोपों ने न केवल उनके कारोबारी मॉडल पर सवाल उठाए हैं, बल्कि लाखों ग्राहकों के बीच अविश्वास और निराशा की भावना भी पैदा की है। ऐसी कंपनियां, जो कभी शहरी गतिशीलता का पर्याय थीं, अब अपने ग्राहकों को ठगा हुआ महसूस करा रही हैं।

ब्लूस्मार्ट, जो 2019 में एक इलेक्ट्रिक वाहन-आधारित कैब सेवा के रूप में शुरू हुई थी, ने अपनी पर्यावरण-अनुकूल नीतियों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के कारण तेजी से लोकप्रियता हासिल की थी। दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में इसकी सेवाएं शुरू होने के बाद, कंपनी ने कई बड़े निवेशकों से भारी फंडिंग प्राप्त की। हालांकि, अप्रैल 2025 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए खुलासे ने ब्लूस्मार्ट की मूल कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग की वित्तीय प्रथाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। सेबी ने पाया कि जेनसोल के प्रमोटरों, अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी ने कंपनी को दिए गए 977.75 करोड़ रुपये के ऋण का दुरूपयोग किया। यह राशि, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और बेड़े के विस्तार के लिए थी, कथित तौर पर आलीशान फ्लैट, गोल्फ किट, और अन्य व्यक्तिगत खर्चों पर खर्च की गई। सेबी की जांच के अनुसार, कंपनी ने केवल 4,704 वाहन खरीदे, जबकि 6,400 वाहनों का वादा किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 262.13 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। इस घोटाले का सबसे बड़ा झटका ब्लूस्मार्ट की अचानक सेवा बंदी के रूप में सामने आया, जिसने अप्रैल 2025 में इसके संचालन को ठप कर दिया। इस बंदी का असर हजारों ड्राइवरों, लाखों ग्राहकों व इनसे जुड़े कई लोगों पर पड़ा। ड्राइवरों को बिना किसी पूर्व सूचना के बेरोजगार छोड़ दिया गया, जबकि ग्राहकों के वॉलेट में जमा राशि, जो लाखों रुपये में थी, फंस गई। कंपनी ने घोषणा की कि यदि 90 दिनों के भीतर सेवाएं बहाल नहीं हुईं, तो रिफंड शुरू किया जाएगा। हालांकि, इस अनिश्चितता ने ग्राहकों में भारी असंतोष पैदा किया। दिल्ली के एक नियमित ग्राहक के अनुसार उन्होंने ब्लूस्मार्ट की सुविधा और पर्यावरण-अनुकूल सेवाओं की हमेशा प्रशंसा की थी, लेकिन अब उनके वॉलेट में 4,500 रुपये फंसे हुए हैं और उन्हें रिफंड की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। दूसरी ओर, ओला कैब्स, जो भारत के कैब बाजार में अग्रणी रही है, भी हाल के वर्षों में कई विवादों में उलझी हुई है।

हाल ही में, कंपनी पर कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। आयकर विभाग की एक जांच में पता चला कि ओला ने अपने ड्राइवरों के भुगतान और किराए की राशि पर टैक्स की गणना में अनियमितताएं बरतीं। इसके अलावा, कंपनी पर आरोप है कि उसने अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से फंड को गलत तरीके से स्थानांतरित किया, ताकि कर देनदारियों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि ओला कैब्स की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में एक अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक शुरू की, परंतु हाल के वर्षों में अपने ग्राहकों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में रही है। ओला ने अपने सप्लायरों और लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स को समय पर भुगतान करने में देरी की, जिसके परिणामस्वरूप कई प्रमुख सप्लायरों ने कंपनी के साथ संबंध तोड़ लिए। बीबीसी की एक रिपोर्ट में पूर्व कर्मचारियों और उद्योग सूत्रों ने खुलासा किया कि भुगतान में देरी के कारण सप्लायरों के बीच असंतोष बढ़ा। एक सप्लायर ने तो ओला के खिलाफ दिवालियापन की याचिका भी दायर की, जिसे बाद में कंपनी ने सुलझाने का दावा किया। इसके अलावा, ओला की लागत कम करने की रणनीति, जैसे कि वाहन पंजीकरण एजेंसियों के साथ अनुबंधों की पुनरू बातचीत, ने बिक्री और पंजीकरण के आंकड़ों में भारी विसंगति पैदा की। फरवरी 2025 में, ओला ने 25,000 स्कूटर बेचने का दावा किया, लेकिन वाहन पोर्टल पर केवल 8,390 पंजीकृत हुए। इन वित्तीय और परिचालन चुनौतियों ने ओला की बाजार हिस्सेदारी को प्रभावित किया, जो सितंबर 2024 में 27 प्रतिशत तक गिर गई। ब्लूस्मार्ट और ओला से जुड़े इन विवादों ने ऐसे उद्योगों में ग्राहकों का विश्वास कमजोर किया है। ये कंपनियां, जो कभी सुविधा और नवाचार का प्रतीक थीं, अब वित्तीय कुप्रबंधन और अनैतिक प्रथाओं के लिए जानी जा रही हैं। ग्राहकों के बीच यह धारणा बढ़ रही है कि उनके पैसे का उपयोग न केवल उनकी सेवा में, बल्कि प्रमोटरों के व्यक्तिगत लाभ के लिए भी किया जा रहा है। इन घोटालों से भारत में ऐसेउद्योगों के लिए सख्त नियामक ढांचे की आवश्यकता को उजागर किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहकों व इनसे जुड़े अन्य लोगों के हितों की रक्षा के लिए कड़े नियम लागू करने चाहिए। आयकर विभाग और सेबी जैसे नियामक निकायों को ऐसी कंपनियों की निगरानी बढ़ानी चाहिए, जो बड़े पैमाने पर फंडिंग जुटाती हैं और लाखों ग्राहकों की निर्भरता का हिस्सा हैं।

लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया नशे में झूम रही कैसे स्वास्थ्य क्रांति लाएं

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष**



ललित गर्ग

विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू को अपना चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-31 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ हर साल इस दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। साल 2025 की थीम अनमास्किंग द अपील: तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना है। यह दिवस तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जनजागृति अभियान एवं एक दुनियाभर में आयोज्य महत्वपूर्ण दिवस है। इसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के जोखिमों को उजागर करना और दुनियाभर के लोगों को धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बड़ा प्रश्न है कि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश एवं दुनिया कैसे आदर्श हो सकती है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधारने को तैयार नहीं हैं। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया। यह दिन सरकारों से तंबाकू के उपयोग से निपटने, सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क को कम करने और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को मजबूत करने का आह्वान भी करता है। ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है, लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिए यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं, क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू, सिगरेट का उत्पादन भी बढ़ा रही है।

राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? तंबाकू का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य और समाज दोनों पर घातक प्रभाव डालता है, जो कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस दिवस का लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां तम्बाकू निषेध का सकारात्मक वातावरण बने एवं कम लोग तम्बाकू से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हों। यह दिवस स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को तम्बाकू के खतरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है। आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशे के कारण हम एक विकलांग एवं बीमार पीढ़ी का निर्माण हो रहा हैं। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ए प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। तम्बाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और समुदायों को प्रभावित करती है। यह अत्यधिक नशे की लत है, मुख्य रूप से निकोटीन की उपस्थिति के कारण, जिससे व्यक्तियों के लिए बिना सहायता के इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके परिणाम भयानक हैं, हर साल 8 मिलियन से अधिक मौतें तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देशभर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है। गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु टरुथ पेस्ट, क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मलकर खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाइप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति यह तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं।

इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किए गए नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियां उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल ने गाजा में अस्थायी युद्धविराम प्रस्ताव किया मंजूर



■ हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे
■ मैं यह भी पुष्टि कर सकती हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें: लेविट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के व्हाइट हाउस ने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, क्योंकि इजरायली सेना युद्धग्रस्त क्षेत्र में अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखे हुए है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में पुष्टि की कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है।

लेविट ने कहा कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे। मैं यह भी पुष्टि कर सकता हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार एक इजरायली अधिकारी और मामले से परिचित एक अमेरिकी सूत्र ने पुष्टि की कि प्रस्तावित समझौते में न केवल 60-दिवसीय युद्ध विराम शामिल है बल्कि 10 जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों के अवशेषों को रिहा करने की योजना भी शामिल है। हमास ने गुरुवार को कहा कि उसके नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हमास नेतृत्व को मध्यस्थों से विटकॉफ का नया प्रस्ताव मिला है और वह जिम्मेदारी से इसका अध्ययन कर रहा है ताकि हमारे लोगों के हितों की पूर्ति हो, राहत मिले और गाजा पट्टी में स्थाई युद्ध विराम हो।

## फलस्तीनी राजदूत यूएन में गाजा के हालात बताते हुए रोए

■ रियाद मंसूर ने कहा: भूख बच्चों को निगल रही

**गाजा।** फलस्तीनी राजदूत रियाद मंसूर यूएन में गाजा के हालात बताते हुए फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने दुनिया को गाजा में भूख से तड़पते बच्चों और वहां के बदतर हालात के बारे में बताया। मंसूर ने कहा: कई बच्चे भूख से मर रहे हैं। महिलाएं अपने बेजान बच्चों को गले लगा रही हैं, उनके बालों को सहला रही हैं, उनसे बात कर रही हैं, उनसे माफी मांग रही हैं। यह सब देखना तकलीफदेह है। कोई ऐसा कैसे कर सकता है? यह कहते हुए उनके आंसू फूट पड़े। मंसूर ने आगे कहा: फलस्तीनियों की इस हालात को कोई आम इंसान बर्दाश्त नहीं कर सकता। आग और भूख फलस्तीनी बच्चों को निगल रही है। उन्होंने कहा: कोई भी वजह फलस्तीनियों पर हमले को जायज नहीं ठहरा सकती। हम भी इंसान हैं। हमें अपने देश पर गर्व है। हमें बिल्कुल वैसे ही सम्मान मिलना चाहिए, जैसे बाकी सभी को।

## दक्षिण लेबनान में इजरायल के हमलों में दो लोग मारे गए

**बेरूत।** इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में किए गए हमलों में गुरुवार को दो लोग मारे गए। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने नबातिह फौका की पहाड़ियों में अली अल-ताहेर जंगल के प्रवेश द्वार को निशाना बनाया, जिसके कारण नगरपालिका का कर्मचारी महमूद अटवी की मौत हो गई। हमले के समय वह मोटरसाइकिल से ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। एनएनए के अनुसार, काफ़र किला गांव में इजरायली गोलीबारी में एक और व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि 27 नवम्बर, 2024 से, हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच एक संघर्ष विराम समझौता प्रभावी है, लेकिन समझौते के बावजूद इज़रायली सेना कभी-कभी लेबनान में हमले करती रहती है। इजरायल दावा करता है कि इसका उद्देश्य हिजबुल्लाह के खतरों को खत्म करना है। इज़रायल ने 18 फरवरी को अपनी पूर्ण वापसी की समय सीमा के बाद भी लेबनानी सीमा के पाँच प्रमुख ठिकानों पर अपनी सैन्य उपस्थिति बना रखी है।



रोहतास। सार्वजनिक बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## आर्टिकल 370 हटने से खुशहाली आई: सलमान खुर्शीद

**जकार्ता।** कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आर्टिकल 370 एक बड़ी समस्या थी। इससे यह धारणा बन गई थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्से से अलग है।

यह सरकार की सोच में भी झलकता था। खुर्शीद ने कहा कि 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह धारणा खत्म हो गई। इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने मतदान लिया। अब कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग कश्मीर में आर्टिकल 370 फिर से बहाल करवाना चाहते हैं। वे कश्मीर में आई खुशहाली नहीं देखना चाहते। दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की। थरूर ने कोलंबिया के बोगोटा में कहा कि कोलंबियाई सरकार ने भारत के प्रति सहानुभूति जताने के बजाय ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई जानमाल की नुकसान पर दुख जताया। भारत इससे निराश है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत ने सेल्फ-डिफेंस में हमला किया था। हमला करने वालों और बचाव करने वालों में फर्क होता है। जैसे कोलंबिया ने कई आतंकवादी हमलों को झेला है, वैसे ही हमने भारत में भी लगभग चार दशकों तक हमलों को झेला है। शशि थरूर और सलमान खुर्शीद ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करने गए भारतीय डेलिगेशन का हिस्सा हैं।

# ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल

## हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा



■ ट्रेड कोर्ट ने टैरिफ को असंवैधानिक बताकर स्थाई रोक लगा दी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की फेडरल अपील कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ पर रोक वाले ट्रेड कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्थाई रोक लगा दी थी।

इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन ने फेडरल सर्किट की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद निचली अदालत (ट्रेड कोर्ट) के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी गई। यानी ट्रम्प का टैरिफ फिलहाल जारी रहेगा। इससे पहले मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड के तीन जजों की बेंच ने टैरिफ पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ ये टैरिफ लगाया। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ निर्णय लेने का विशेष अधिकार देता है। लेकिन, ट्रम्प ने बिना ठोस कारण के इन पावर्स का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ट्रेड पार्टनर्स पर भारी भरकम टैरिफ लगाया। अमेरिकी संविधान दूसरे देशों के साथ व्यापार को रेगुलेट करने का अधिकार संसद को देता है। लेकिन ट्रम्प ने अपने विशेष अधिकारों को संविधान से ऊपर रखकर टैरिफ पर फैसला लिया। राष्ट्रपति के स्पेशल पावर्स का मतलब यह नहीं कि किसी भी हालात को इमरजेंसी का नाम देकर कुछ भी करें।

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने फाक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि फेडरल कोर्ट के फैसले में कोई दम नहीं है, इसे आखिरकार पलट दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि टैरिफ के रास्ते हमने जो बिजनेस डील के लिए प्लेटफार्म तैयार किए हैं, कोर्ट का यह फैसला उस रास्ते में बाधा नहीं बनेगा। टैरिफ पर फैसला देने वाले जज एक्टिविस्ट हैं। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत में दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई 2025 को हुए युद्धविराम को संभव बनाने के लिए टैरिफ शक्तियों का उपयोग किया।

## नाइजीरिया में बाढ़ के कारण 21 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 10 लापता हैं। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख इब्राहिम हुसैनी ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ ने मोक्वा क्षेत्र में भीषण तबाही मचाई, लेकिन तीन लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक आवासीय घर जलमग्न हो गए या फिर बह गए, जिनमें कुछ लोगों के अभी भी फंसे रहने की आशंका हैं। उन्होंने कहा कि लापता 10 लोगों के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा था कि इस साल पूरे देश में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन का मिला भारत को समर्थन

## कहा: आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे लड़ाई



दोनों देशों की आर्थिक विकास राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष के. एच. उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया। दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है। उन्होंने भारतीय सांसदों से कहा कि इंडोनेशिया के इतिहास की गहराई में भारतीय सभ्यता की छाप है, इसलिए दोनों देशों को लोगों के स्तर पर भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया। झा ने कहा कि अब्दल्ला ने ओआईसी (इस्लामिक देशों के संगठन) में भारत के मुद्दों पर समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की तुलना में भारत में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। फिर भी पाकिस्तान ओआईसी में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश करता है। पहलगाम आतंकी हमले का ज़िक्र करते हुए झा ने कहा कि आतंकियों ने बेगुनाहों को उनके धर्म के आधार पर मारने की कोशिश की, जिसका मकसद देश की सांप्रदायिक एकता को नुकसान पहुंचाना था। प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया की नेशनल मंडेट पार्टी और कई प्रमुख थिंक टैंक व शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारतीय सांसदों ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर किया, जिसे इंडोनेशियाई नेताओं ने भी स्वीकार किया और भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। जकार्ता स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य भारत के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार का मुकाबला करना और भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस नीति को वैश्विक मंचों पर स्पष्ट करना है। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अभिषेक बनर्जी, माकपा के जान ब्रिटास, कांग्रेस के सलमान खुर्शीद और अन्य नेता शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में जनता के समर्थन के बावजूद चीनी कर नहीं लगेगा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि संघीय सरकार की चीनी कर लगाने की 'कोई योजना नहीं' है, जबकि एक सर्वेक्षण में इस प्रस्ताव को मजबूत समर्थन मिला है। मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के पास मोटापे की बढ़ती दरों को कम करने के लिए 'कई उपाय' विचाराधीन हैं, लेकिन वह कराधान के बजाय शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने 'सेवन नेटवर्क' टेलीविजन से कहा कि मोटापा वास्तव में आज हमारे सामने आने वाली बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है, और यह भविष्य में और भी बड़ा होने वाला है। हम सुपरमार्केट में खरीदने के बारे में सोच रहे लोगों को उनके द्वारा सोची जा रही चीज़ों के बारे में अच्छी तरह से लेबल करके शिक्षित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी सरकार में चीनी कर लगाने की कोई योजना नहीं है।

## हद पार: 130 दिन में ट्रम्प ने अपने ही 11 फैसले पलटे

### 180 कोर्ट ने रोके, प्रशासन के आदेशों के खिलाफ 250 से ज्यादा याचिका दायर

■ ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए अभी सिर्फ 130 दिन ही हुए हैं। लेकिन उनकी नीतियों को लेकर विवाद और कानूनी चुनौतियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तक अमेरिकी अदालतों ने ट्रम्प प्रशासन के कम से कम 180 कार्यकारी आदेशों और नीतियों पर स्थाई या अस्थाई तौर पर रोक लगाई है।


साथ ही, ट्रम्प ने खुद 11 प्रमुख फैसलों पर यू-टर्न लेते हुए पलटा है। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने जन्मसिद्ध नागरिकता खत्म करने, संघीय कर्मचारियों की सामूहिक बर्खास्तगी और विदेशी सहायता रोकने जैसे आदेशों को अवैध या असंवैधानिक ठहराया है। वहीं, ट्रम्प ने फेडरल फंडिंग फ्रीज, अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा और टैरिफ नीतियों जैसे फैसलों को कई बार बदला या वापस लिया है। ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ अब तक 250 से अधिक याचिका दायर की जा चुकी है। ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था, जिसे कोलोराडो की अदालत ने अवैध ठहराया। पर्यावरण नियमों को कमजोर करने वाले आदेशों को भी कैलिफोर्निया की अदालत ने रोका। वजह-वे क्लीन एयर एक्ट का उल्लंघन करते थे। वाशिंगटन की अदालत ने गैर अमेरिकियों के लिए मतदान प्रतिबंध को असंवैधानिक माना। अप्रैल 2025 में एक हफ्ते में 11 मुकदमों में ट्रम्प प्रशासन को हार मिली। ट्रम्प के ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य अधिकारों को सीमित करने वाले आदेश को भी न्यूयार्क कोर्ट ने भेदभावपूर्ण ठहराते हुए अवैध ठहराया। इसके अलावा ट्रम्प के विदेशी फंडिंग से जुड़े आदेश को भी अदालत ने गलत माना।

## चीन में 2023 में हुए गैस धमाके के 15 दोषियों को सजा

**यिनचुआन।** उत्तर-पश्चिमी चीन के निग्ज़िया हुई स्वायत्त क्षेत्र की एक अदालत ने वर्ष 2023 में एक बारबेक्यू रेस्तरां में हुए गैस विस्फोट मामले में 15 व्यक्तियों को शुक्रवार को सज़ा सुनाई। इस विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई थी। क्षेत्रीय राजधानी यिनचुआन की जिगकिंग डिस्ट्रिक्ट पीपुल्स कोर्ट के अनुसार गंभीर दुर्घटनाएं करने या झूठे प्रमाणन दस्तावेज़ प्रदान करने के अपराधों के लिए प्रतिवादियों को एक से छह साल तक की जेल की सज़ा दी गई है। रेस्तरां में सह-निवेश करने और संचालन करने वाले झांग होंग्ज़ियान और लियू गुओ दोषी ठहराए गए लोगों में शामिल थे। गैस आपूर्तिकर्ता के वास्तविक नियंत्रक कुई वेनबो और गैस परीक्षण एजेंसी के कानूनी प्रतिनिधि झोउ झिगुओ को भी दोषी पाया गया। यह विस्फोट 21 जून, 2023 को यिनचुआन के फूयांग बारबेक्यू रेस्तरां में हुआ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लीक होने से विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 31 लोग मारे गए थे और सात घायल हो गए थे। अदालत ने पाया कि विस्फोट का सीधा कारण एलपीजी वितरक द्वारा रेस्तरां को घटिया सिलेंडर उपलब्ध कराना था, जिसे रेस्तरां के कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से संचालित किया गया था। झोउ और दो अन्य गैस परीक्षण एजेंसी के कर्मचारी सदस्यों के रूप में गलत प्रमाणन दस्तावेज प्रदान करने के दोषी पाए गए ,जो एक आपराधिक कृत्य है।

# पानी पर कभी समझौता नहीं करेंगे: मुनीर

## फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा: मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकार से जुड़ा



■ जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है

**इस्लामाबाद/दुशाम्बे।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा है कि पानी का मुद्दा पाकिस्तान के लिए रेड लाइन है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकारों से जुड़ा है। मुनीर अलग-अलग यूनिवर्सिटीज के चांसलर्स, प्रिंसिपल, सीनियर फैकल्टीज के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत के वर्चस्व को स्वीकार नहीं करेगा। दूसरी तरफ मुनीर ने दावा किया कि बलूचिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों को भारत से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं, उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है। वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ताजिकिस्तान पहुंचे। यहां ताजिक प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शरीफ आज ग्लेशियर्स को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। ताजिकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर शरीफ ताजिक राष्ट्रपति इमामाली रहमोन के साथ कई मुद्दों को लेकर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्की, ईरान और अजरबैजान जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी देशों को भारत के साथ तनाव के वक्त समर्थन देने के लिए शुक्रिया कहा है। शरीफ के साथ आर्मी चीफ आसिम मुनीर, डिप्टी पीएम इशाक डाल, विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ और कई मंत्री भी पहुंचे हैं। शहबाज शरीफ ने हाल ही में कहा था कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए। शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही थी। यह एक हफ्ते में दूसरी बार था जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी।

## ड्रग तस्कर के साथ समझौते पर स्थिति स्पष्ट करे अमेरिकी सरकार: मेक्सिको

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने दामासो लोपेज़ सेरानो के साथ किए गए याचिका समझौते को लेकर अमेरिकी सरकार से सवाल किया है। गौरतलब है कि दामासो लोपेज़ सेरानो एक ऐसे कार्टेल एक ऐसा संगठन जहां दो या दो से अधिक कंपनियां, उत्पादक या सेवा प्रदाता एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाए अपने लाभ को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते हैं।

का सदस्य है, जिसे अमेरिका ने खुद 'विदेशी आतंकवादी संगठन' करार दिया है। सुशिनबाम ने गुरुवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए इस संबंध में अमेरिकी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अमेरिका सरकार ने हाल ही में एक आदेश जारी किया था, जिसमें कुछ संगठनों को आतंकवादी संगठन कहा गया है। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि वे इन संगठनों के साथ बातचीत नहीं करते हैं। अब उन्हें यह बताने की ज़रूरत है कि इन मामलों में समझौते क्यों किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी अधिकारियों ने दामासो लोपेज़ सेरानो उर्फ 'एल मिनी लिक' के साथ एक याचिका समझौता किया है, जिसके तहत सेरानो ने अमेरिकी अदालत में ड्रग तस्करी के आरोपों में दोषी होने की दलील दी।

**Food Distribution Program**

To bring joy to poor and needy families this **Eid-al-Adha**, we are distributing food packs. You can support this cause by contributing financially, materially, or in any way you find suitable. Help us make a difference in the lives of the downtrodden.

**Islamia Educational and Charitable Society (IECS), Deoband, Saharanpur**

Contact: **+91 97602 83693, 80579 22328**